www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 03 ||अम्बेडकरनगर
बुधवार
25 मार्च 2026 ||पृष्ठः 08 ||मूल्यः ₹2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
दैनिक
# तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:06
सूर्यास्तः 06:19
अधिकतमः 33°00
न्यूनतमः 19°00

वि... मर्यादा के पर्याय, आदर्श ... >>पेज 04
हापुड़ में गैस की लाइन में लगे ... >>पेज 06
पैन इंडिया फिल्म में ...





# 'क्रेडिट वॉर'

## बीज किसने बोया, फसल कौन काटेगा?

## मुलाकात, निर्देश, पोस्ट और दावा


## अकबरपुर का केंद्रीय विद्यालय बना सियासी अखाड़ा



अरमान अंसारी

**तमसा संकेत, संवाददाता, अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर के अकबरपुर में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय अब सिर्फ एक शैक्षिक परियोजना नहीं रहा, बल्कि यह "क्रेडिट पॉलिटिक्स" का केंद्र बन गया है।

एक ही मुद्दे पर अलग-अलग दावों, अलग-अलग मुलाकातों और अलग-अलग नैरेटिव के बीच अब यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर इस परियोजना को जमीन तक पहुंचाने का असली श्रेय किसे मिलेगा। दिलचस्प यह है कि दोनों पक्ष न सिर्फ सक्रिय हैं बल्कि अपने-अपने दावे को मजबूत करने के लिए टाइमिंग, दस्तावेज और राजनीतिक अनुभव तक को आधार बना रहे हैं।



### वर्षों पुरानी मांग

अकबरपुर और आसपास के क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग लंबे समय से उठती रही है। बेहतर शिक्षा सुविधाओं की कमी को देखते हुए स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने समय-समय पर इस मुद्दे को उठाया। प्रस्ताव, जमीन चिन्हांकन और प्रशासनिक प्रक्रिया धीरे-धीरे आगे बढ़ती रही, लेकिन यह योजना लंबे समय तक कागजों में ही सीमित रही।

### दावा बनाम दस्तावेजः दो अलग नैरेटिव

#### 1 प्रक्रिया पहले ही आगे बढ़ चुकी थी : रितेश पांडे

पूर्व सांसद रितेश पांडे का कहना है कि उनके संसदीय कार्यकाल में केंद्रीय विद्यालय की प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी थी। उनके अनुसार, प्रस्ताव और प्रारंभिक कार्य पूरे हो चुके थे, लेकिन उत्तर प्रदेश शासन से समय पर अनुमति नहीं मिलने के कारण यह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका। हाल ही में उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर इस मुद्दे को फिर से आगे बढ़ाने की बात कही और आश्वासन मिलने का दावा किया।

#### 2 अब प्रक्रिया जमीन पर : विवेक मौर्य

भाजपा नेता विवेक मौर्य ने अपने बयान में सिर्फ दावा नहीं बल्कि पूरी प्रशासनिक प्रक्रिया का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया किः


- **सिझौली में 5 एकड़ जमीन चिन्हित**
- **नगर पालिका द्वारा NOC जारी**
- **जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव KVS को भेजा गया**
- **अस्थायी कक्षाओं के लिए GGIC परिसर तैयार**

इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को औपचारिक दस्तावेज सौंपने और तुरंत ही अधिकारियों को अकबरपुर में शीघ्र केंद्रीय विद्यालय के निर्माण संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने का "निर्देश जारी होने" का दावा भी किया है।

### मंत्री से मुलाकात

■ रितेश पांडे - अनुरोध और आश्वासन
■ विवेक मौर्य - दस्तावेज और निर्देश

दिलचस्प तथ्य यह है कि दोनों नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की है और दोनों ही अपने प्रयासों को निर्णायक मान रहे हैं।



इससे यह स्पष्ट हो गया है कि अब यह मुद्दा "किसने पहल की" से आगे बढ़कर "किसकी पहल पर काम आगे बढ़ा" तक पहुंच चुका है।

■ यही अंतर अब सियासी बहस का केंद्र बन गया है

### प्रक्रिया बनाम राजनीति

केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया बहु-स्तरीय होती है, जिसमें जमीन उपलब्धता, राज्य सरकार की सहमति, और केंद्र की अंतिम मंजूरी शामिल होती है। ऐसे में यह संभव है कि अलग-अलग चरणों में अलग-अलग लोगों का योगदान रहा हो।

लेकिन राजनीतिक स्तर पर यही प्रक्रिया अब श्रेय की प्रतिस्पर्धा में बदल चुकी है।


Ritesh Pandey
20h
आज केंद्रीय शिक्षा मंत्री आदरणीय श्री धर्मेंद्र प्रधान जी से महत्वपूर्ण भेंट हुई. मैंने उनसे अंबेडकरनगर में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने के संबंध में कार्यवाही को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया.

मेरे संसदीय कार्यकाल में केंद्रीय विद्यालय को लेकर प्रयास बहुत आगे तक बढ़ गए थे, पर किन्हीं कारणों से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय पर अनुमति नहीं मिल सकी थी. श्री प्रधान ने आश्वासन दिया है कि अम्बेडकरनगर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का प्रयास शीघ्र साकार होगा. इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन से भी वार्ता चल रही है.

अनुभवी राजनेता श्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने कुछ राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा हुई. उनके मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन के लिए मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ.

Dharmendra Pradhan @dpradhanbjp

1.4K 123 16

सोशल मीडिया ने भी इस सियासी प्रतिस्पर्धा को और तेज कर दिया है। रितेश पांडे का पोस्ट FB सामने आता है, कुछ घंटों बाद विवेक मौर्य का भी पोस्ट सामने आता है, जिससे यह साफ हो जाता है कि अब यह लड़ाई डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी लड़ी जा रही है। हालांकि राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अंतिम रूप से श्रेय सोशल मीडिया की टाइमिंग से नहीं बल्कि उस ठोस प्रगति से तय होगा, जो इस परियोजना को जमीन पर उतारेगी।

दरअसल, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना एक जटिल और बहु-स्तरीय प्रक्रिया है, जिसमें भूमि चयन, राज्य सरकार की सहमति, केंद्र सरकार की मंजूरी और केंद्रीय विद्यालय संगठन की औपचारिकताएं शामिल होती हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि अलग-अलग चरणों में अलग-अलग लोगों की भूमिका सामने आती है और यही स्थिति श्रेय को लेकर विवाद को जन्म देती है।

अम्बेडकरनगर की जनता अब इस पूरे घटनाक्रम को ध्यान से देख रही है। उनके लिए यह परियोजना शिक्षा और भविष्य से जुड़ी उम्मीद है, लेकिन साथ ही यह भी एक सवाल बन गया है कि आखिर इस उपलब्धि का असली हकदार कौन होगा। क्या वह नेता जिसने शुरुआत की, या वह जिसने इसे अंतिम मंजिल तक पहुंचाया?

राजनीति के जानकारों का मानना है कि आमतौर पर जनता उसी को याद रखती है जिसके समय में काम पूरा होता है। ऐसे में भले ही इस परियोजना की नींव किसी ने रखी हो, लेकिन अंतिम श्रेय उस व्यक्ति को मिलने की संभावना ज्यादा होती है जिसके कार्यकाल में स्कूल बनकर तैयार होगा और उसका उद्घाटन होगा।

अकबरपुर में केंद्रीय विद्यालय को लेकर चल रही यह सियासत अब साफ तौर पर "काम बनाम क्रेडिट" की लड़ाई बन चुकी है, जहां एक ओर पुराने प्रयासों का हवाला दिया जा रहा है तो दूसरी ओर मौजूदा सक्रियता को निर्णायक बताया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विकास परियोजनाएं केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं होतीं, बल्कि वे राजनीतिक दावों और छवि निर्माण का भी माध्यम बन जाती हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि भले ही इस परियोजना की नींव पहले रखी गई हो, लेकिन असली पहचान उसी को मिलेगी जो इसे जमीन पर उतारकर पूरा करेगा और जनता के सामने परिणाम के रूप में प्रस्तुत करेगा, और अब अम्बेडकरनगर की नजर इसी बात पर टिकी है कि इस कहानी का अंतिम श्रेय किसके हिस्से जाएगा।


Vivek Maurya Youth Icon
14h
भारतीय जनता पार्टी के नेता विवेक मौर्य व एसडीएम अकबरपुर विशाल सारस्वत ने आज दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर अकबरपुर में केंद्रीय विद्यालय के जल्द निर्माण की माँग को माननीय मंत्री के समक्ष रखा जिस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने संज्ञान लेते हुए उच्च अधिकारियों को अकबरपुर में शीघ्र केंद्रीय विद्यालय के निर्माण संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने का निर्देश दे दिया।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट के दौरान भाजपा नेता विवेक मौर्य ने अंबेडकरनगर जिले में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व छात्रों के हित में शीघ्र केंद्रीय विद्यालय के निर्माण की मांग करते हुए इस से जुड़ी औपचारिकताओं का शीघ्र पूरा किए जाने का निवेदन किया। विवेक मौर्य ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि अम्बेडकरनगर में केंद्रीय विद्यालय की माँग वर्षों से लंबित और बहुप्रतीक्षित है और विद्यार्थियों के हित में इसका शीघ्र निर्माण अतिआवश्यक है।

विवेक मौर्य व एसडीएम अकबरपुर विशाल सारस्वत ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि स्थानीय प्रशासन द्वारा जिले में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण संबंधी पूर्व की सभी अड़चनों का निस्तारण कर लिया गया है और सिझौली में इसके लिए 5 एकड़ भूमि चिह्नित कर ली गई है। साथ ही जब तक निर्माण प्रक्रिया पूरी ना हो जाये तब तक के लिए जीजीआईसी के नवीन परिसर में केंद्रीय विद्यालय के परिसर निर्माण तक अस्थायी कक्षाएं चलाने के लिए आवश्यक कमरों की संख्या को भी चिह्नित कर लिया गया है। विवेक मौर्य व एसडीएम विशाल सारस्वत ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला का पत्र व आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए शीघ्र ही मंजूरी देने का आग्रह किया जिस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने तुरंत ही अधिकारियों को अकबरपुर में शीघ्र केंद्रीय विद्यालय के निर्माण संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करने का निर्देश दिया जिसके उपरांत विवेक मौर्य व एसडीएम विशाल सारस्वत ने माननीय शिक्षा मंत्री का आभार प्रकट किया।

के पत्र संख्या- F.11029-25/2022/KVS(HQ)/Admn.1/1851-1854 दिनांक 24-01-2023 और केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्यालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या-फा-11072-02/2012-KVSAdmn.1/238-40 दिनांक 03-05-2023 के द्वारा नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रपत्र (Annexure-I, II, और III) में प्रस्ताव (सुसंगठित हस्ताक्षर और मोहर सहित) संबंधित अभिलेखों और उपलब्ध दस्तावेजों के विवरण सहित उपलब्ध कराने का पत्र प्राप्त हुआ था, जिसके क्रम में कार्यालय नगर पालिका परिषद् अकबरपुर अंबेडकरनगर के पत्र संख्या- 5186/न०पा०प०अ०/2025-26 दिनांक 12-03-2026 द्वारा जिला अम्बेडकरनगर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए नगर पालिका परिषद् अकबरपुर के वार्ड सिझौली में कुल पांच एकड़ भूमि का चयन करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ को जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर के माध्यम से पत्र संख्या- के०वि०/5403/2025-26 दिनांक 19-03-2026 को प्रेषित किया गया, जिसके उपरान्त आज दिनांक 23-03-2026 को मा० शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी को भाजपा नेता श्री विवेक मौर्य के सहयोग से जिलाधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर का पत्र दिया गया।

7

### फास्ट न्यूज

#### केवल हिंदू-बौद्ध-सिख ही अनुसूचित जाति का दावा कर सकते हैं

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा।

### बड़ी बोली

#### राजस्थान रॉयल्स आईपीएल की सबसे महंगी टीम बनी

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स 1.63 बिलियन डॉलर यानि करीब 15,289 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के साथ बिक गई है। इसके साथ ही राजस्थान IPL की सबसे महंगी टीम बन गई है। न्यूज एजेंसी PTI ने सोर्स के हवाले से बताया कि भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन काल सोमानी और उनके कॉन्सोर्टियम ने फ्रेंचाइजी के लिए ये सबसे बड़ी बोली लगाई है, जिसे मंजूर कर लिया गया है। राजस्थान ने लखनऊ सुपर जायंट्स का रिकॉर्ड तोड़ा। लखनऊ को संजीव गोयनका के RPSG ग्रुप ने 2021 में 7,090 करोड़ की भारी बोली लगाकर खरीदा था।

#### महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया।

# पहली बार इच्छामृत्यु पाने वाले हरीश राणा की मौत

## 13 साल से कोमा में थे, सुप्रीम कोर्ट ने 13 दिन पहले इजाजत दी थी

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । हरीश राणा ने मंगलवार को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। PTI ने सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। 31 साल के हरीश 13 साल से कोमा में थे। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। ये देश का पहला मामला है, जिसमें किसी को इच्छामृत्यु दी गई है। एम्स में हरीश को पैसिव यूथेनेशिया दिया गया। इसका मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु मामले में फैसला सुनाया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ 31 साल के हरीश 13 साल से कोमा में थे। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी।

14 मार्च को हरीश को दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया गया था। एम्स प्रशासन ने 16 मार्च को हरीश राणा की फीडिंग ट्यूब (खाने की नली) हटा दी थी।

# निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ

## सीएम योगी बोले- माफिया कोई भी हो, दुस्साहस किया तो यमराज के यहां का टिकट कट रहा

### सुविधा

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में एआई-आधारित उन्नत सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ किया। यह पहल प्रदेश में निवेश बढ़ाने, उद्योग स्थापना प्रक्रिया को सरल बनाने और उत्तर प्रदेश को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के उद्देश्य से शुरू किया गया। साथ ही यूपी प्राइवेट बिजनेस पार्क डेवलपमेंट स्कीम-2025 का भी शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों की 85 कंपनियों को लेटर्स ऑफ कम्फर्ट, एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट, भूमि आवंटन पत्र और 2,781.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। डीबीएफओटी (पीपीपी) मॉडल पर आधारित प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल शेड्स योजना भी शुरू हुई, जिससे निवेशक तुरंत उत्पादन शुरू कर सकेंगे।



इन्वेस्ट यूपी दो कंपनियों के साथ एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल और द कन्वर्जेंस फाउंडेशन के साथ स्किल कनेक्ट सेल हेतु एमओयू करेगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### पहले माफिया का प्रभाव था और कोई सुरक्षित नहीं था

सीएम योगी ने कहा, 2017 में जब हम निवेश की बात करते थे तो निवेशक हंसते थे। कुछ लोग कहते थे कि हमने 5 साल पहले ही संकल्प ले लिया है कि यूपी नहीं जाएंगे। पहले माफिया का प्रभाव था और कोई सुरक्षित नहीं था। हर जिले में समानांतर सरकार चलती थी। कोई सुरक्षित नहीं था। तब माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई। अब माफिया कोई भी हो, दुस्साहस किया तो वह यमराज के यहां का टिकट काट रहा है।

सीएम ने कहा, यूपी में कभी लगभग ढाई एयरपोर्ट ही संचालित होते थे। ढाई का मतलब दो एयरपोर्ट पूरी तरह क्रियाशील थे, लखनऊ और वाराणसी। >> (शेष पेज 06 पर)

## चर्चा : मध्य-पूर्व में तनाव और होर्मुज को खुला रखने पर की चर्चा

# पीएम मोदी-ट्रंप की बातचीत

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव, नई दिल्ली । ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन कर बातचीत की है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

उनके मुताबिक, दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की अहमियत पर जोर दिया गया। पीएम मोदी ने X पर पोस्ट कर कहा कि भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है।

>> (शेष पेज 06 पर)


■ भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने दी जानकारी

### ईरानी सेना बोली- हमला हुआ तो कड़ा जवाब देंगे

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक कमांडर ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिका, इजराइल या कोई अन्य देश हमला करता है या धमकी देता है, तो उसका कड़ा जवाब दिया जाएगा। >> (शेष पेज 06 पर)

### इजरायल के राजदूत का बयान

इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने पीएम मोदी के होर्मुज वाले बयान पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की मौजूदा स्थिति की वजह सिर्फ यह है कि ईरानी शासन ने दुनिया को डराने और अमेरिका से रियायतें ऐंठने का फैसला कर लिया है। इसके लिए वे उन दूसरे देशों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्हें वे अपना दोस्त मानते हैं। अजार ने कहा, 'वे खाड़ी देशों पर बड़े पैमाने पर हमले कर रहे हैं और बिना किसी वजह के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में रुकावट डाल रहे हैं। अब एक नए UN सुरक्षा परिषद प्रस्ताव की नई पहल होनी चाहिए। यह प्रस्ताव एक अंतरराष्ट्रीय सेना को अनुच्छेद 7 के तहत अधिकार देगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जलडमरूमध्य खुले रहें।'



■ पीएम मोदी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि हम सभी देशों के संपर्क में हैं।

### ईरान जंग जारी रही तो गंभीर नतीजे होंगे : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। >> (शेष पेज 06 पर)

# पाकिस्तान दुनिया का सबसे प्रदूषित देश भारत का छठा नंबर

## यूपी के लोनी शहर की हवा दुनिया में सबसे खराब

### प्रदूषण

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2025 के मुताबिक भारत दुनिया का छठा सबसे प्रदूषित देश है। स्विस कंपनी IQAir की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा पॉल्यूटेड देशों में पाकिस्तान पहले नंबर पर है। इसके बाद बांग्लादेश, ताजिकिस्तान, चाड और कांगो हैं।

उत्तर प्रदेश का लोनी दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना है, जबकि नई दिल्ली चौथे स्थान पर है। दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 5 भारत के हैं। इनमें यूपी के गाजियाबाद, लोनी, असम के बर्नीहाट, नई दिल्ली और पश्चिम बंगाल का उला शामिल हैं। लोनी का औसत PM2.5 स्तर 112.5 µg/m³ दर्ज किया गया, जो WHO की गाइडलाइन (5 µg/m³) से 22 गुना ज्यादा है। रिपोर्ट में 143 देशों के 9,446 शहरों के डेटा का एनालिसिस किया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



- 54 देशों में प्रदूषण बढ़ा
- अमेरिका और यूरोप में भी असर
- भारत 2024 में 5वें नंबर पर था

## समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने केन्द्र सरकार की विदेश नीति और गृह नीति पर कसा निशाना

# 'केंद्र की विदेश नीति में विफलता'

**तंज**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि केन्द्र सरकार की विदेश नीति पूरी तरह फेल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की नीतियाँ अब विदेशी हितों के अनुरूप तय हो रही हैं, और सरकार किसानों और घरेलू उद्योगों की अनदेखी कर रही है।

यादव ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते पर सरकार लगातार ध्यान केंद्रित कर रही है, लेकिन इससे भारतीय किसान प्रभावित होंगे। उन्होंने सवाल किया कि सरकार ने किसानों के हित और देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए क्या



किया है। श्री यादव ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर और भ्रष्टाचार बढ़ गए हैं, और विपक्ष के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया में दखल देती है और वोट काटने जैसी गैरकानूनी हरकतों में संलिप्त है।

**किसान और घरेलू उद्योगों की अनदेखी**

> **अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से गाय की सेवा करती रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यों से किसानों और गायों का हित प्रभावित हुआ है। उन्होंने कन्नौज के पहले काऊ मिल्क प्लांट को बंद करने का उदाहरण भी दिया।**

### शंकराचार्य जी के साथ भाजपा सरकार का विवाद

अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर शंकराचार्य जी के साथ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी को गंगा में स्नान करने से रोका गया और उनके अनुयायियों के साथ हिंसा की गई। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि शंकराचार्य जी का अपमान कतई स्वीकार्य नहीं है।

श्री यादव ने कहा, शंकराचार्य जी को किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। उनकी प्रतिष्ठा सदियों से रही है। मुख्यमंत्री और उनके डिप्टी सीएम का व्यवहार अनुचित है।

उन्होंने 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत की बात कही। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी नागरिकों को हक और सम्मान देगी। उन्होंने मान्यवर कांशीराम के योगदान को याद करते हुए कहा कि समाजवादियों का उद्देश्य बहुजन समाज को अधिकार दिलाना रहा है।

### विश्वगुरु बनने का दावा खोखला, युद्ध में निष्क्रिय भूमिका

अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि यदि भारत सच में विश्वगुरु होता तो वैश्विक युद्ध टल जाता। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया था, लेकिन भारत को भी सख्त कदम उठाना चाहिए था। उनका कहना था कि बिना कार्रवाई किए विश्वगुरु बनने का दावा निराधार है।

### महँगाई और रसोई गैस की कमी पर चिंता

उन्होंने आम जनता की परेशानियों का भी जिक्र किया। श्री यादव ने कहा कि देश में आज आम आदमी रसोई गैस (LPG) के लिए संघर्ष कर रहा है। 14 किलो के सिलेंडर अब 10 किलो का हो जाने की बात सामने आई है, जिससे लोगों में नाराजगी है।

## फर्जी दस्तावेज से लोन लेने वाला आरोपी गिरफ्तार



**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। मड़ियांव पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से लोन लेने वाले एक आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर कूटरचित कागजात के जरिए धोखाधड़ी कर लोन लेने और उसे जमा न करने का आरोप है।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित बाराबंकी निवासी अरविंद कुमार वर्मा है। आरोपित हार्डवेयर की दुकान चलाता है। बताया कि गोमतीनगर निवासी पंकज कुमार सिंह, प्राधिकृत अधिकारी हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने 19 अक्टूबर 2024 को शिकायत दी थी कि आरोपीगण ने फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर बैंक से लोन लिया, लेकिन किश्तें जमा नहीं कीं।

जांच में पता चला कि जिस मकान के आधार पर लोन लिया गया, वह किसी अन्य व्यक्ति का था। इस पर थाना मड़ियांव में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि वह फर्जी रजिस्ट्री तैयार कर बैंक से लोन लेने का काम करता था। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**फास्ट न्यूज़**

### लखनऊ में कैफे की आड़ में चल रहा था हुक्का पार्लर

लखनऊ। कैसरबाग स्थित एसके कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर मैनेजर समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मौके से आठ हुक्के, चिलम, पाइप, अमेरिकन व जाफरान फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस हुक्का बार के संचालक की तलाश कर रही है।

### योगी सरकार ने 'श्रमेव जयते' की भावना को किया साकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते 9 वर्षों में श्रमिकों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सृजन के क्षेत्र में व्यापक एवं बहुआयामी प्रयास किए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की "श्रमेव जयते" की भावना को केंद्र में रखते हुए संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों, स्वरोजगार से जुड़े लोगों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनके सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के श्रमिकों को आर्थिक और सामाजिक संबल प्राप्त हुआ।

### यूपी के माध्यमिक स्कूलों में अब रोचक होगी पढ़ाई

लखनऊ। प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में अब पढ़ाई को ज्यादा रोचक, व्यावहारिक और छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। नए शैक्षणिक सत्र में माध्यमिक स्कूलों में सामान्य ज्ञान, स्थानीय उत्पादों की जानकारी और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि छात्र सिर्फ किताबों तक सीमित न रहकर व्यावहारिक ज्ञान भी हासिल कर सकें।

## 25 लाख के लोन से सोमा बनीं गुड़ उद्योग की स्टार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश की बेटियां अब न केवल चूल्हा-चौका संभाल रही हैं, बल्कि भारी भरकम उद्योगों की कमान थामकर 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प को धरातल पर उतार रही हैं। लखीमपुर-खीरी जिले के ग्राम सिंगहाखुर्द की रहने वाली सोमा गुप्ता इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' (PMEGP) के सहयोग से सोमा ने पारंपरिक गुड़ निर्माण को एक आधुनिक व्यवसाय का रूप दे दिया है, जिससे आज वह लाखों का टर्नओवर हासिल कर रही हैं। सोमा गुप्ता की उद्यमिता यात्रा वर्ष 2022 में शुरू हुई, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से PMEGP योजना के तहत 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। इस पूंजी से उन्होंने एक आधुनिक गुड़ कोल्हू



उद्योग की स्थापना की। सरकारी सब्सिडी और सही मार्गदर्शन ने सोमा के सपनों को पंख दिए और आज उनका यह स्टार्टअप क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

गुणवत्ता और शुद्धता के दम पर सोमा के उत्पाद ने भौगोलिक सीमाएं लांघ दी हैं। आज उनका तैयार किया हुआ गुड़ उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के बाजारों में हाथों-हाथ लिया जा रहा है। खर्चों को काटकर सोमा हर महीने 80,000 से 90,000 रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं, जो बड़े शहरों के कॉर्पोरेट पैकेज को टक्कर दे रही है।

## फूड डिपार्टमेंट ने कराई एफआईआर, 1 दर्जन से अधिक एजेंसियों पर छापेमारी

# 4 गैस सिलेंडर के साथ युवक हुए गिरफ्तार

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक अभियान चलाया। अलग-अलग टीमों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण किया। इसी दौरान हजरतगंज में संदिग्ध तरीके से 4 सिलेंडर ले जा रहे एक युवक को पकड़कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसील बीकेटी में उपजिलाधिकारी कुमार सौरभ और पूर्ति निरीक्षक की टीम ने आधार खेड़ा स्थित जनता कमर्शियल एचपी गैस गोदाम का निरीक्षण किया। नगरीय क्षेत्रों में



अलग-अलग टीमों ने अभियान चलाते हुए आलमबाग, चौक और राजाजीपुरम समेत कई इलाकों में गैस एजेंसियों की जांच की। प्रशासन का फोकस स्टॉक, वितरण प्रणाली और उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करना रहा। टीम-3 के तहत क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने राजाजीपुरम, पाल तिराहा, तेजा खेड़ा और लाल कोठी क्षेत्र में गैस वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया। इन स्थानों पर गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, उपभोक्ताओं को समय पर डिलीवरी और संभावित अनियमितताओं की जांच की गई। प्रकरण को गंभीर मानते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

### 4 गैस सिलेंडर बरामद

निरीक्षण अभियान के दौरान महात्मा गांधी मार्ग (मोती महल रोड) पर एक संदिग्ध दोपहिया वाहन से 4 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए। जांच में वाहन मालिक की पहचान गौरव यादव निवासी टीजी हॉस्टल, खदरा के रूप में हुई। प्राथमिक जांच में मामला गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी से जुड़ा पाया गया, जिसके बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू की।

### आलमबाग और चौक में एजेंसियों की गहन जांच

नगरीय क्षेत्र की टीम-1 के तहत एसीएम-3 अशोक कुमार चौरसिया ने आलमबाग स्थित शीला गैस सर्विस और सूरज गैस सर्विस का निरीक्षण किया। टीम-2 ने चौक क्षेत्र में चिराग गैस एजेंसी और जनता एचपी गैस गोदाम की जांच की। अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर, बुकिंग रिकॉर्ड और वितरण प्रक्रिया की बारीकी से पड़ताल की।

### जिला आपूर्ति विभाग टीम ने की छापेमारी और कार्रवाई

- इंदिरा नगर की सेक्टर- 17 में आपूर्ति विभाग की छापेमारी।
- आपूर्ति विभाग की छापेमारी में एक दुकानदार दुकान बंद कर भागा।
- एक दुकान से एक घरेलू और दो छोटा सिलेंडर बरामद कर भेजा एजेंसी
- आपूर्ति विभाग टीम ने दुकान के बाहर का सामान कब्जे में किया। दुकान को सीज किया।
- नायब तहसीलदार जितेंद्र, एआरओ पारस नाथ पाल और डीएसओ विजय प्रताप सिंह की टीम ने छापेमारी की।

## मल्टीलेवल पार्किंग की लिफ्ट बंद मिली, अफसरों को फटकार लगाई

# लखनऊ मेयर ने अवैध कार बाजार बंद कराया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने बनी मल्टीलेवल पार्किंग का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। मेयर के अचानक पहुंचने से हजरतगंज पार्किंग परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई।

निरीक्षण के दौरान पार्किंग में चल रहे गैराज और कार बाजार को तत्काल प्रभाव से सील करा दिया गया। मेयर के निर्देश पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। छापेमारी के दौरान मौके से लैपटॉप एवं अन्य उपकरण भी जब्त किए गए, जिससे अवैध गतिविधियों



के संचालन के प्रमाण मिले हैं।

साथ ही पार्किंग परिसर में अवैध रूप से गैराज और कार बाजार चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कि नगर निगम की संपत्तियों का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा शहर की जनता जब हमें शुल्क दे रही है तो उन्हें बेहतर सुविधाएं देना हमारी जिम्मेदारी है। पार्किंग में बुजुर्गों से लेकर हर आयु वर्ग के लोग आते हैं, ऐसे में यदि लिफ्ट खराब रहेगी तो उन्हें अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ेगा। हजरतगंज जैसे प्रमुख क्षेत्र में देश-विदेश से लोग आते हैं। यदि यहां की पार्किंग में गंदगी और अव्यवस्था मिलेगी तो इससे शहर की छवि भी खराब होगी। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### गंदगी पर जताई नाराजगी

पार्किंग के सभी फ्लोर पर गंदगी का अंबार देखने को मिला, जिस पर महापौर और नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

साथ ही वहां बने टॉयलेट भी बंद पाए गए, जिन्हें तुरंत खुलवाकर जनता के लिए उपयोगी बनाने के निर्देश दिए गए। मेयर ने कहा कि नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गाड़ियों को सील करने का निर्देश

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पर भी हालात संतोषजनक नहीं पाए गए। पार्किंग परिसर में गंदगी फैली हुई थी और यहां भी अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला।

मेयर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि आरटीओ अधिकारियों से बात कर कर पार्किंग में लंबे समय से खड़ी गाड़ियों की जांच कर उन्हें जब्त किया जाए।

**निरीक्षण के दौरान सबसे पहले लिफ्ट बंद पाई गई, जिससे आम लोगों को काफी असुविधा हो रही थी। इसके अलावा पार्किंग के बेसमेंट में अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला।**

## हज यात्रियों को 31 तक जमा करनी होगी अंतिम किस्त

### अलग-अलग उड़ान स्थल के अनुसार तय हुई रकम

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को 31 मार्च तक अंतिम किस्त जमा करनी होगी। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने सभी चयनित हज यात्रियों को अपनी शेष धनराशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। हज यात्री जहां से उड़ान भरेंगे उसी के अनुसार उनका किराया तय किया गया है। यानी अलग-अलग उड़ान स्थल से अलग-अलग किराया तय किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव एसपी तिवारी की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में कहा गया है कि हज यात्री अब तक 2,77,300 रुपये जमा कर चुके हैं। अब उड़ान स्थल के आधार पर अलग-अलग शेष राशि जमा करनी होगी। यह भुगतान स्टेट बैंक/यूनियन बैंक के माध्यम से या हज कमेटी की वेबसाइट से पे-स्लिप डाउनलोड कर डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट



बैंकिंग के जरिए किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली से जाने वाले यात्रियों को 69,300 रुपये, लखनऊ से 75,250 रुपये, मुंबई से 62,950 रुपये, अहमदाबाद से 55,900 रुपये और हैदराबाद से 66,050 रुपये की अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी। इसके अलावा कुर्बानी का विकल्प को चुनने वाले यात्रियों को 17,280 रुपये अलग से जमा करने होंगे। शिया हज यात्रियों के लिए जोहफा मीकात जाने के लिए 5,520 रुपये की धनराशि और जमा करनी होगी। हज समिति ने स्पष्ट किया है कि इस राशि में कैटरिंग व्यवस्था शामिल नहीं है।

**सफलता : यूपी के बाहर हो रहा था इस्तेमाल, एसपी ने लौटाए, लोग बोले- थैंक्यू सर**

# लखनऊ जीआरपी ने चोरी के 287 मोबाइल बरामद किए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में जीआरपी पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को जीआरपी लखनऊ ने करीब 70 लाख रुपए कीमत के 287 मोबाइल फोन तलाश कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली और एसपी को धन्यवाद देते नजर आए। मोबाइल बरामदगी के लिए जीआरपी की सर्विलांस टीम ने विशेष अभियान चलाया। जनसुन-वाई में मिली शिकायतों के आधार पर टीमों का गठन किया गया। तकनीकी सहायता से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की गई। जांच में



सामने आया कि कई मोबाइल उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी इस्तेमाल हो रहे थे, जिन्हें समन्वय बनाकर बरामद किया गया। जीआरपी पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा ने मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। जैसे ही लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिले, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने 'थैंक्यू सर' कहकर पुलिस का आभार जताया। यह पूरा अभियान जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर शुरू किया गया था। जीआरपी ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल किया और बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद कर मिसाल पेश की। इस कार्रवाई से आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।



### आगे भी जारी रहेगा मोबाइल रिकवरी अभियान

जीआरपी एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पीड़ितों को उनका खोया सामान वापस मिल सके और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

> **अभियान के दौरान कुल 287 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद मोबाइल विभिन्न कंपनियों के हैं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों से एकत्र कर सुरक्षित रखा गया था।**

# रिटायर्ड प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 3.64 लाख ठगे

### पार्सल डिलीवरी का झांसा दिया, टैक्स जमा करने का दबाव बनाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। जालसाजों ने पार्सल के नाम पर टैक्स जमा कराने का झांसा देकर महिला से 3.64 लाख रुपए ठग लिए। मना करने पर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़िता ने साइबर हेल्पलाइन पर मामला दर्ज कराया है। लालबाग बेलदारी की रहने वाली अनीता कश्यप रिटायर्ड प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया- 3 मार्च को उनके व्हाट्सऐप पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पार्सल कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कहा- उनके नाम एक पार्सल आया है, जिस पर टैक्स जमा करना होगा। अनीता ने पार्सल से इंकार किया तो धमकी दी कि टैक्स नहीं



भरने पर उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। परिवार वालों को भी उठा लिया जाएगा।

धमकी से घबराई महिला ने पहले 13,500 रुपए और फिर करीब एक घंटे बाद 25000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपित लगातार कॉल कर अलग-अलग किस्तों में पैसे मांगता रहा। महिला ने डर के कारण बिना किसी को बताए अगले दिन तक कुल 3 लाख 64 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर दिए।

**जब जालसाज ने और पैसे की मांग की तो महिला ने अपने पति को पूरी जानकारी दी। इसके बाद पति ने साइबर ठगी की जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। मामले में इंस्पेक्टर हजरतगंज का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।**

## हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने की तैयारी, गांव-गांव चलाया जाएगा अभियान

# स्कूल चलो अभियान को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक

चर्चा

बृजेंद्र वीर सिंह




तमसा संकेत, अंबेडकरनगर में "स्कूल चलो अभियान 2026–27" को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने की। इसमें शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में अधिकतम नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए बैनर, होर्डिंग, हैंडबिल और प्रचार वाहनों का उपयोग किया जाएगा।

बैठक के दौरान निपुण सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया।

निपुण असेसमेंट 2026 में जिले के 468 विद्यालयों को निपुण घोषित किया गया है। प्रत्येक विकासखंड से बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।




### आंगनबाड़ी से जुड़ेंगे छोटे बच्चे

3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की मदद ली जाएगी। बच्चों की सूची तैयार कर उनका नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कक्षा 5, 8 और 10 पास करने वाले छात्रों की सूची संबंधित विद्यालयों को उपलब्ध कराने को कहा गया। ताकि अगली कक्षा में प्रवेश में कोई बाधा न हो।

### निगरानी के लिए डिजिटल व्यवस्था

अभियान की प्रगति पर नजर रखने के लिए गूगल शीट तैयार की जाएगी। इसमें स्कूल और ब्लॉक स्तर पर रोजाना नामांकन की स्थिति दर्ज होगी। इससे काम की निगरानी आसान होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## डीसीसी-डीएलआरसी बैठक संपन्न

# सीडी रेशियो 53.38% पहुंचा

### बैंकों को लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकर नगर । सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय तिमाही (दिसंबर 2025) की डीसीसी एवं डीएलआरसी बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने की। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि और वित्तीय संस्थानों के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में जिले की बैंकिंग प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान सीडी रेशियो 53.38 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो पिछली तिमाही की तुलना में 5.2 प्रतिशत अधिक है। इस सुधार पर संतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने बैंकों को सरकारी योजनाओं के तहत लंबित मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सीएम युवा, एसएचजी, एमवाईएसवाई और नंदिनी जैसी योजनाओं के अंतर्गत भेजे गए आवेदनों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्वयं सहायता समूहों के खातों के संचालन और सीसीएल के तहत ऋण वितरण में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए। लंबित आवेदनों को जल्द निपटाने के लिए बैंक स्तर पर विशेष प्रयास करने को कहा गया।

बैठक में जिले में आयात होने वाली वस्तुओं की सूची तैयार करने पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसी वस्तुओं की स्थानीय स्तर पर उत्पादन इकाइयां स्थापित करने के प्रयास किए जाएं। इससे रोजगार और ऋण प्रवाह दोनों में वृद्धि की संभावना जताई गई।

फसल बीमा योजना के तहत दावों की प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया गया, ताकि अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। इसके साथ ही बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों को देखते हुए सभी विकास खंडों में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एनपीए खातों की वसूली को लेकर भी समीक्षा हुई। इसके लिए प्रभावी योजना बनाकर तहसीलों के माध्यम से वसूली प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए गए।

फास्ट न्यूज

### नवरात्रि पर देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

अंबेडकरनगर । जलालपुर क्षेत्र में नवरात्रि के दौरान देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। सोमवार को क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। चक्रसुदर्शन मंदिर, यादव चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर, अकबरपुर रोड का काली माता मंदिर, घसियारी टोला का शीतला माता मठिया मंदिर और मित्तूपुर रोड का दुर्गा मंदिर समेत सभी प्रमुख स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### कार्यालय में जनसुनवाई, शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

अंबेडकरनगर । मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

जनसुनवाई में जमीन विवाद, पारिवारिक मामलों, आपसी झगड़े और अन्य शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ किया जाए।

### रूपल सेन बनीं नर्सिंग अधिकारी

अम्बेडकरनगर। जिले की रूपल सेन का चयन नर्सिंग अधिकारी के पद पर हुआ है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की चयन प्रक्रिया के बाद उन्हें चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में नियुक्ति मिली है।22 मार्च 2026 को एमआरए राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। चयन सूची में रूपल सेन ने 178वां स्थान प्राप्त किया है।

## अंबेडकरनगर में केंद्रीय विद्यालय स्थापना की संभावना बढ़ी

### रितेश पांडेय ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। केंद्रीय विद्यालय खोलने की दिशा में नया कदम उठाया गया है। पूर्व सांसद व भाजपा नेता रितेश पांडेय ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर जिले में केंद्रीय विद्यालय स्थापना का मुद्दा उठाया। उन्होंने लंबित प्रस्ताव को तेजी से आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।

रितेश पांडेय ने बताया कि अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। उस समय प्रस्ताव काफी आगे बढ़ गया था, लेकिन प्रदेश सरकार से समय पर अनुमति न मिलने के कारण प्रक्रिया अधूरी रह गई। इस कारण जिले के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य जिलों का रुख करना पड़ता है। मुलाकात के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के प्रयास को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। इस कदम से उम्मीद जताई जा रही है कि प्रस्ताव पर तेजी से कार्रवाई होगी और जल्द ही प्रक्रिया पूरी हो सकती है। केंद्रीय विद्यालय खुलने से जिले के बच्चों को केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के तहत पढ़ाई का विकल्प मिलेगा। इससे खासकर उन परिवारों के बच्चों को फायदा होगा, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चाहते हैं। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्रों के छात्रों को भी इसका लाभ मिल सकेगा। वर्तमान में जिले में केंद्रीय विद्यालय न होने के कारण छात्र अन्य जिलों में जाकर पढ़ाई करते हैं। केंद्रीय विद्यालय के आने से स्थानीय स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी और छात्रों के लिए सुविधा भी बढ़ेगी।

# गोरखपुर ने जीती राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता

### कड़ा मुकाबला, पेनाल्टी स्ट्रोक से हुआ विजेता का फैसला

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। पांच दिवसीय राज्य स्तरीय आमंत्रण महिला हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम ने स्पोर्ट्स हॉस्टल फैजाबाद (अयोध्या) को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुकाबला इतना करीबी रहा कि निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं।

मैच का निर्णय पेनाल्टी स्ट्रोक से हुआ। इसमें गोरखपुर की टीम ने दो गोल किए, जबकि अयोध्या की टीम एक ही गोल कर सकी। इस तरह गोरखपुर ने एक गोल के अंतर से जीत दर्ज की।

फाइनल मैच में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले हाफ से ही दोनों पक्षों ने गोल करने के कई प्रयास किए। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 रहने से मुकाबला और रोमांचक हो गया। दर्शकों की नजरें आखिरी क्षण तक टिकी रहीं। पेनाल्टी स्ट्रोक में गोरखपुर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया और निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। अयोध्या की टीम ने भी संघर्ष किया, लेकिन एक गोल से पीछे रह गई। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए। कटेहरी क्षेत्र के विधायक धर्मराज निषाद ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने मैच से पहले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले का शुभारंभ भी किया।

खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका देती हैं। भविष्य में ये खिलाड़ी बड़े स्तर पर प्रदर्शन कर सकती हैं। प्रतियोगिता का आयोजन खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता मेहनत और अनुशासन का परिणाम है।

कार्यक्रम संयोजन डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि आगे भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिल सके।

## विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण को लेकर जागरुकता अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। जलालपुर ब्लॉक में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित इस अभियान के तहत टिकरी, खालिसपुर भटौली, सेठकला, सलाहुद्दीनपुर और सुरहुरपुर ग्राम पंचायतों में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत "जल है तो कल है" के नारों के साथ हुई। आयोजकों ने जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य स्वच्छ और सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों के बारे में बताया गया। ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम अपनाने से 40 से 60 प्रतिशत तक पानी बचाया जा सकता है। इसके साथ ही मल्चिंग तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया गया। कम पानी में

**जलालपुर ब्लॉक के कई गांवों में कार्यक्रम, किसानों को दी गई नई तकनीक की जानकारी**

होने वाली फसलों जैसे बाजरा, रागी और अन्य मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। इससे जल की बचत के साथ उत्पादन भी बेहतर हो सकता है। कार्यक्रम में बताया गया कि शहरीकरण, औद्योगिक प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण जल स्रोतों पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में जल संरक्षण की जरूरत पहले से ज्यादा हो गई है। अभियान में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को पानी के सही उपयोग और संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## प्रभात मिश्रा पर हमले के मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज अधिवक्ता निकले पैदल मार्च पर

# अधिवक्ताओं का प्रदर्शन जारी

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर के भीटी क्षेत्र के समंथा निवासी अधिवक्ता प्रभात मिश्रा पर पुरानी रंजिश को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी अभिषेक तिवारी और अन्य की गिरफ्तारी न होने से मंगलवार को जिले के अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने दिवानी न्यायालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी में देरी से न्याय की प्रक्रिया प्रभावित होती है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि मामले में त्वरित कार्रवाई की जाए और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद अधिवक्ता शांतिपूर्ण तरीके से अपने कार्यालय लौट गए। इस प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया था। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी प्रदर्शन को नियंत्रित करने और किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उपस्थित रहे।

### नारेबाजी और ज्ञापन सौंपने का क्रम

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एई रिक्शा पर लाउडस्पीकर लगाकर डीएम और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारोंबाजी की। डीएम को ज्ञापन सौंपने की मांग करते हुए अधिवक्ता एसडीएम कार्यालय के सामने अड़े रहे। एडीएम ज्योत्सना बंधु ने शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन अधिवक्ताओं का आक्रोश लगातार बढ़ता रहा। कलेक्ट्रेट परिसर डीएम चैंबर के बाहर डीएम होश में आओ और हमले के आरोपियों को गिरफ्तार करो जैसे नारों से गूंज उठा। प्रदर्शन करीब 45 मिनट तक चलता रहा।

> दोपहर करीब एक बजे जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला अपने कक्ष से बाहर आए और अधिवक्ताओं से ज्ञापन लिया। अधिवक्ताओं ने मामले के सभी आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में प्रभात मिश्रा पर हुए हमले और सुरक्षा व्यवस्था में की गई कमियों का भी जिक्र किया गया।

# रामनवमी मेले को लेकर अयोध्या में ट्रैफिक डायवर्जन हुआ लागू

### 24 से 27 मार्च तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध, वैकल्पिक मार्ग तय

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । अयोध्या में चैत्र रामनवमी मेला 2026 के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। 24 मार्च दोपहर 2 बजे से 27 मार्च रात 12 बजे तक भारी वाहनों का डायवर्जन लागू रहेगा। इस अवधि में मालवाहक वाहन, ट्रक, ट्रैक्टर और डीसीएम को अयोध्या शहर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आवश्यक सेवाओं को इससे छूट रहेगी।

संतकबीरनगर और बस्ती की ओर से आने वाले भारी वाहनों को घनघटा, बिड़हल घाट और रामनगर से डायवर्ट कर न्यौरी जलालपुर, मालीपुर, सुरहुरपुर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से भेजा जाएगा। गोरखपुर की तरफ से आने वाले वाहन गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के जरिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मोड़े जाएंगे। आजमगढ़ और बसखारी से आने वाले वाहनों को न्यौतरिया बाईपास, गोहन्ना चौराहा, अकबरपुर के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किया जाएगा। अलीगंज क्षेत्र के सम्हरिया चौराहा से सेवा गंज बैरियर के रास्ते अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। अहिरौली क्षेत्र में यादव नगर तिराहा से वाहनों को महरुआ होते हुए टांडा-रायबरेली मार्ग की ओर मोड़ा जाएगा। भीटी क्षेत्र के चनहा चौराहा से वाहनों को भीटी बाजार होते हुए सुल्तानपुर रोड की तरफ भेजा जाएगा।

अकबरपुर शहर में भारी वाहनों को तहसील तिराहा से शहजादपुर और गोहन्ना बाईपास के रास्ते आगे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा मालीपुर रोड, जलालपुर रोड, बसखारी रोड, टांडा रोड, दोस्तपुर रोड और अन्नावा तिराहा समेत कई बाईपास मार्गों पर डायवर्जन प्रभावी रहेगा।

## अकबरपुर में बनेगा नया पार्क उपवन योजना से डेढ़ करोड़ खर्च

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । अकबरपुर नगर क्षेत्र में नया पार्क बनाया जाएगा। नगर पालिका के मिर्जापुर कोड़रा वार्ड में उपवन योजना के तहत करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से यह पार्क विकसित होगा। नगर विकास विभाग ने निर्माण को मंजूरी देते हुए पहली किस्त के रूप में 90 लाख रुपये जारी कर दिए हैं।

पार्क निर्माण का कार्य कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज को सौंपा गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए इस परियोजना को अहम माना जा रहा है। अकबरपुर में अभी तक कोई बड़ा और व्यवस्थित पार्क नहीं है। शिवबाबा और बाईपास गौहन्ना क्षेत्र में बने पार्कों का उपयोग सीमित है। रसूलाबाद वार्ड में स्थित अंबेडकर उद्यान में भी व्यवस्था की कमी बताई जाती है। ऐसे में नए पार्क से लोगों को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित पार्क में कई सुविधाएं

**मिर्जापुर कोड़रा वार्ड में एक एकड़ में विकसित होगा पार्क**

विकसित की जाएंगी। चारों ओर इंटरलॉकिंग रास्ते बनाए जाएंगे, जिससे सुबह और शाम टहलने की सुविधा मिलेगी। योग और व्यायाम के लिए भी स्थान विकसित किया जाएगा। पार्क में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण किया जाएगा। सजावटी पौधे और फुलवारी भी तैयार होगी। इसके अलावा सोलर लाइट, फव्वारा, झूले और स्विमिंग पूल का निर्माण किया जाएगा। सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल और मुख्य गेट बनाया जाएगा।

## आयोजन : डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

# व्यापारियों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त, कलेक्ट्रेट में हुई बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर । कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारियों और उद्यमियों की सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित हुई। इसमें जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

बैठक में व्यापारियों ने बिजली, राजस्व, सड़क और सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारी को दें। हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में व्यापार का माहौल सुरक्षित रखना जरूरी है। इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करेंगे। किसी को भी अनावश्यक परेशानी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में उद्योग, बैंकिंग, विद्युत और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल रहे। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यापारी और उद्यमी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की कि वे बिना डर अपनी समस्याएं सामने रखें। व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संवाद जरूरी है।

### दबाव की शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यापारी या उद्यमी पर दबाव बनाया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इससे लोग बिना डर अपनी बात रख सकेंगे।

> बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त शिकायतों का जल्द निस्तारण किया जाए। किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें।

## सैदापुर में राशन वितरण पर सवाल, घटतौली के आरोप से ग्रामीण परेशान

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । अकबरपुर विकास खंड के सैदापुर ग्राम सभा में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली और मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तय मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है, जिससे सैकड़ों कार्डधारक प्रभावित हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, राशन तौलते समय वजन कम दिया जाता है। कई मामलों में 5 किलो के स्थान पर करीब 4 किलो या उससे भी कम खाद्यान्न मिलने की शिकायत सामने आई है। विरोध करने पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार की बात भी कही जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले में कई बार लिखित शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि संबंधित अधिकारी शिकायतों पर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। कई बार जांच का आश्वासन मिला, लेकिन

**कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, जांच की मांग तेज**

स्थिति में बदलाव नहीं आया। अकबरपुर तहसील क्षेत्र में पहले भी राशन वितरण में गड़बड़ी के आरोप सामने आ चुके हैं। सैदापुर और आसपास के गांवों में इस मुद्दे को लेकर असंतोष बढ़ता दिख रहा है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। साथ ही डिजिटल तौल मशीन से वितरण, निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और दोषी पाए जाने पर कोटेदार के लाइसेंस निरस्तीकरण की मांग की है। मामले को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# सम्पादकीय

## विरोधाभासी ट्रंप



ईरान पर भीषण हमले करने की धमकियां देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह यकायक पांच दिन तक ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले रोकने की बात कही, वह उनके विरोधीभासी रवैये का नया प्रमाण ही है। उन्होंने गत दिनों ही यह धमकी दी थी कि यदि ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग नहीं खोला तो उसके बिजली संयंत्रों को तबाह कर दिया जाएगा। इस पर ईरान ने चेताया था कि यदि ऐसा हुआ तो उक्त जल मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा और बिजली संयंत्रों की मरम्मत होने तक उसे खोला भी नहीं जाएगा। इसके बाद ट्रंप ने ईरान से सकारात्मक बात होने और इसके नतीजे में उसके बिजली संयंत्रों और तेल एवं गैस ठिकानों पर अमेरिकी हमले पूरी तौर पर रोकने की घोषणा की। निःसंदेह यह राहत की बात होती, यदि ईरान ने उनके इस दावे पर सहमति जताई होती।

ट्रंप के दावे के विपरीत ईरान का कहना है कि अमेरिका से न तो कोई प्रत्यक्ष बात हुई और न ही परोक्ष। इसकी भी अनदेखी न करें कि चंद दिन पहले ही ईरानी विदेश मंत्री ने साफ कहा था कि अमेरिका से वार्ता के लिए कोई गुंजाइश नहीं, क्योंकि उसने धोखा दिया है। उनका आशय अमेरिकी प्रतिनिधियों से बातचीत के बीच इजरायल और अमेरिका के उन हमलों से था, जो 28 फरवरी को शुरू हुए।

माना जाता था कि पिछले वर्ष जून की तरह इस बार भी ईरान इजरायल और अमेरिका के संयुक्त हमलों का अधिक दिनों तक सामना नहीं कर पाएगा, पर इन हमलों में अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं सैन्य अधिकारियों को खोने के बाद भी ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है। उसने इजरायल के साथ ही खाड़ी के देशों को भी निशाना बनाकर युद्ध को एक नया विस्तार तो दिया ही, होर्मुज जल मार्ग बंद कर दुनिया भर में तेल एवं गैस का संकट भी खड़ा कर दिया। यह किसी से छिपा नहीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की इस आक्रामक युद्ध रणनीति का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। लगता है ईरान की चौतरफा जवाबी कार्रवाई और उसकी बढ़ी हुई मारक क्षमता देखकर ट्रंप को समझ नहीं आ रहा है कि वे क्या करें? कहीं वे इस युद्ध से निकलने की सम्मान-जनक राह तो नहीं तैयार कर रहे हैं? जो भी हो, उनकी समस्या इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि एक ओर जहां ऊर्जा संकट की चुभन अमेरिका को भी महसूस होने लगी है, वहीं दूसरी ओर मित्र देश इस युद्ध में दखल देने को तैयार नहीं। ट्रंप जो कुछ कह रहे हैं, उस पर भरोसा करना कठिन है। ईरान से कथित वार्ता उसे छलावा देने की उनकी चाल भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त यह तो जगजाहिर ही है कि वे अपने कहे से पलटने में माहिर हैं। उनका विरोधाभासी स्वभाव उन्हें अविश्वसनीय बनाने के साथ उनकी फजीहत ही कराता है।

# मर्यादा के पर्याय, आदर्श शासक 'राम'

## राम अनंत,नाम अनंता !

**नैतिकता का संबल**

**राम का चरित्र एक धवल वस्त्र के समान निष्कलंक है। एक पुत्र के रूप में वे आज्ञाकारी , भाई के रूप में त्यागी और पति के रूप में वे एकनिष्ठ हैं। उस युग में जब राजाओं की अनेक पत्नियाँ होना सामान्य था, श्रीराम ने 'एकपत्नी व्रत' का पालन कर वैवाहिक निष्ठा का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका संयम और धैर्य कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी डगमगाया नहीं।**



मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का अवतरण दिवस रामनवमी केवल एक तिथि नहीं, भारतीय चेतना के उस आदर्श का उत्सव है, जिसने मानवता को सन्मार्ग दिखाया है।

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को अयोध्या की धरती पर जब भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में श्रीराम का अवतरण हुआ, तो वह केवल एक असुर के अंत के लिए नहीं, बल्कि 'मर्यादा' की स्थापना के लिए था। उनके व्यक्तित्व के विभिन्न आयाम उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' बनाते हैं।

**आदर्शों की पराकाष्ठा**

श्रीराम'मर्यादा पुरुषोत्तम' हैं, जो मर्यादाओं में रहकर उत्तम कार्य करते हैं । उनका जीवन शास्त्र सम्मत और लोक कल्याणकारी रहा। जब राज्याभिषेक के स्थान पर चौदह वर्ष का वनवास मिला, तो न तो क्रोध था और न ही दुःख। पिता के वचन को निभाने के लिए राजसी सुखों को एक पल में त्याग दिया। यह दर्शाता है कि एक आदर्श व्यक्ति के लिए कर्तव्य व्यक्तिगत सुखों से ऊपर होता है।

**रामराज्य की संकल्पना**

'रामराज्य' शब्द आज भी सुशासन का पर्याय माना जाता है। एक शासक के रूप में राम का एकमात्र ध्येय प्रजा का सुख था। न्यायप्रियताः उनके शासन में न्याय की तुला सबके लिए समान थी।उन्होंने एक साधारण धोबी की टिप्पणी पर भी ध्यान दिया, जो यह दर्शाता है कि वे प्रजा की आवाज को प्राथमिकता देते थे गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं— 'दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि व्यापा'। जो इंगित करता है कि रामराज्य में किसी को भी शारीरिक, मानसिक या आध्यात्मिक कष्ट नहीं था।

**नारी उद्धारक और गरिमा के रक्षक**

श्रीराम का जीवन नारी शक्ति के प्रति अगाध सम्मान का प्रतीक है। अहिल्या उद्धारः पत्थर बन चुकी अहिल्या को मुक्त कर उन्होंने समाज द्वारा तिरस्कृत नारी को सम्मान दिलाया। जाति-पाति के बंधनों को तोड़कर उन्होंने शबरी के जूठे बेर खाए, वनवास का कारण बनने वाली कैकेयी को भी उन्होंने वन से लौटने पर वही पुत्रवत सम्मान दिया, जो माता कौशल्या को दिया था।

**दुष्ट संहारकः**

राम अधर्म के विरुद्ध महाकाल के समान कठोर थे। उनका धनुष 'कोदंड' हमेशा पीड़ितों की रक्षा और दुष्टों के दमन के लिए उठा। ताड़का और सुबाहु से लेकर खर-दूषण और रावण तक, उन्होंने उन सभी शक्तियों का विनाश किया जो समाज में भय और अराजकता फैला रही । रावण का वध करके राम ने सिद्ध किया कि ज्ञान और शक्ति यदि बिना चरित्र के हों, तो वे विनाश का कारण बनती हैं।

**शक्ति और शील का संगम**

शासक के रूप में राम ने कभी अपनी शक्ति का दुरुपयोग नहीं किया। जब उन्होंने समुद्र से मार्ग माँगा और समुद्र ने उत्तर नहीं दिया, तब उन्होंने क्रोध में धनुष उठाया, लेकिन जैसे ही समुद्र ने क्षमा माँगी, उन्होंने उसे अभयदान दिया। वे 'शरणगत वत्सल' हैं; विभीषण जैसा शत्रु का भाई भी जब उनकी शरण में आया, तो उन्होंने उसे लंका का राजा स्वीकार कर लिया।

आज के आपाधापी भरे युग में श्रीराम एक प्रकाश स्तंभ हैं। वे हर उस व्यक्ति के भीतर मौजूद हैं जो सत्य के मार्ग पर चलता है, जो अपनी मर्यादा नहीं तोड़ता और जो दूसरों के दुःख को दूर करने का प्रयास करता है।

रामनवमी पर केवल उनकी पूजा नहीं, बल्कि उनके 'शील', 'शक्ति' और 'मर्यादा' को हर शासक को अपने जीवन में उतारना चाहिए। आज भी रामराज्य आधुनिक प्रशासन के लिए एक शाश्वत ब्लूप्रिंट है। कॉर्पोरेट जगत और सरकारी प्रशासन के लिए भी इसमें महत्वपूर्ण सूत्र छिपे हैं।

**लोकमत का सम्मान**

आधुनिक लोकतंत्र का आधार 'जनता की आवाज़' है। श्रीराम ने एक साधारण नागरिक की शंका के निवारण हेतु सीता तक का त्याग कर दिया। यह बताता है कि प्रशासक को न केवल पारदर्शी होना चाहिए, बल्कि उसे आलोचना के प्रति सहिष्णु और जवाबदेह भी होना चाहिए। जनता का विश्वास ही शासन की असली शक्ति है।

**योग्यता आधारित चयन**

जब हनुमान जी पहली बार राम से मिले, तो राम ने उनके बोलने की शैली और व्याकरण ज्ञान को देखकर तुरंत पहचान लिया कि वे एक विद्वान और कुशल कूटनीतिज्ञ हैं। उन्होंने सुग्रीव की वानर सेना और विभीषण जैसे विशेषज्ञों का सही समय पर सही कार्य के लिए उपयोग किया। इससे प्रशासनिक सीख मिलती है कि सही व्यक्ति को सही काम सौंपना, संसाधनों और प्रतिभा का सही प्रबंधन ही किसी भी संगठन की सफलता की कुंजी है।

**विकेंद्रीकरण और कूटनीति**

श्रीराम ने कभी भी जीते गए राज्यों लंका और किष्किंधा को अपने साम्राज्य में नहीं मिलाया। उन्होंने वहां के स्थानीय नेतृत्व (विभीषण और सुग्रीव) को ही सत्ता सौंपी। यह स्वायत्तता का बेहतरीन उदाहरण है। शासन को थोपने के बजाय स्थानीय लोगों को सशक्त करना अधिक टिकाऊ परिणाम देता है।

**समावेशी विकास**

राम ने समाज के सबसे निचले तबके यथा निषादराज, शबरी, वानर, भालू आदि को साथ लेकर रावण जैसी महाशक्ति को परास्त किया। उन्होंने समाज के मुख्य मार्ग से कटे हुए लोगों को सम्मान और पहचान दी । 'सबका साथ, सबका विकास' का मूल मंत्र यहीं से आता है। और बताता है कि विकास की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचनी चाहिए।

**संकट प्रबंधन**

समुद्र पार करने की चुनौती हो या लक्ष्मण के मूर्छित होने का समय, श्रीराम ने कभी धैर्य नहीं खोया। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से पुल का निर्माण कराया और उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग किया । सबक साफ है कि एक लीडर को दबाव की स्थिति में शांत रहकर तार्किक निर्णय लेने चाहिए।

**दंड विधान और न्याय**

रामराज्य में 'दंड' का भय नहीं था, बल्कि 'धर्म' का पालन स्वतः होता था। कानून सबके लिए समान था, चाहे वह स्वयं राजा ही क्यों न हो। स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन तभी संभव है जब नियम स्पष्ट हों और उनका पालन बिना किसी भेदभाव के किया जाए।

**डॉ घनश्याम बादल**

## हुमायु कबीर - ओवेसी के गठबंधन से क्या टीएमसी कमजोर साबित होगी

पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बनने की आहट अक्सर सियासी बहस को तेज कर देती है। हाल के दिनों में हुमायु कबीर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संभावित गठबंधन की चर्चा इसी संदर्भ में देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या इससे तृणमूल कांग्रेस कमजोर होगी? जबकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की पकड़ बहुत मजबूत है। गांव-गांव ममता की की छवि प्रभावशील नेता के रूप में विख्यात है। ममता दीदी के नाम से सब जगह उन्हें प्यार दुलार के रूप में देखा जाता है। ममता को कम आंकना बेइमानी होगी। वहीं भाजपा को अन्य राज्यों में हुए चुनाव में समीकरण देखने से पता चता है कि आवेसी की पार्टी ने कुछ हद तक प्रभाव डाला है। अब ऐसे में ममता की तीसरी पारी कैसी होगी यह समय के गर्त में है। पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है जहां विश्व में कई देश में युद्ध की आग में झुके हुए हैं जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्ध हो रही है। ऐसे ही युद्ध चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायु कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है । हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे टीएमसी को बड़ा नुकसान होगा। इसके पीछे कुछ कारण हैं संगठनात्मक मजबूती ममता बनर्जी के नेतृत्व में जमीनी नेटवर्क काफी मजबूत है। स्थानीय बनाम बाहरी छवि बंगाल की राजनीति में बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अहम रहता है, और ओवेसी की पार्टी को अक्सर बाहरी पार्टी के रूप में देखा जाता है।

**सौरभ वार्ष्णेय**

### जानकारी के अनुसार ...

रामस्वरूप रावतसरे

# ट्रांसजेंडर अधिकारों का संरक्षण

## अहम बदलाव प्रस्तावित है संशोधित विधेयक 2026 में

भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और उनकी पहचान से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक नया कदम उठाया है। 13 मार्च 2026 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। यह विधेयक पहले से लागू ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 यानी ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) एक्ट, 2019 में कई अहम बदलाव प्रस्तावित करता है।

सरकार का कहना है कि 2019 के कानून को लागू करते समय यह महसूस किया गया कि 'ट्रांसजेंडर व्यक्ति' की परिभाषा बहुत व्यापक और अस्पष्ट है जिसके कारण यह तय करना मुश्किल हो रहा था कि वास्तव में किन लोगों को इस कानून के तहत मिलने वाले संरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसी वजह से नया संशोधन विधेयक ट्रांसजेंडर व्यक्ति की अधिक स्पष्ट परिभाषा तय करने, पहचान प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में बदलाव करने, गंभीर अपराधों के लिए सख्त सजा का प्रावधान करने और प्रशासनिक ढाँचे में सुधार करने का प्रयास करता है। सरकार के अनुसार इस संशोधन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कानून का संरक्षण उन लोगों तक पहुँचे जो बायोलॉजिकल कारणों की




वजह से समाज में गंभीर भेदभाव और बहिष्कार का सामना करते हैं। जानकारी के अनुसार नए संशोधन विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू ट्रांसजेंडर व्यक्ति की परिभाषा में बदलाव है। प्रस्तावित प्रावधान के अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्ति उन लोगों को माना जाएँगे जिनकी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान किन्नर, हिजड़ा, अरवानी, जोगता या नपुंसक जैसे पारंपरिक समुदायों से जुड़ी होती है। भारत में लंबे समय से इन समुदायों को सामाजिक रूप से ट्रांसजेंडर पहचान के रूप में देखा जाता रहा है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को भी ट्रांसजेंडर की श्रेणी में शामिल किया गया है जिनमें जन्म से बायोलॉजिकल डायवर्सिटी होती हैं जिन्हें इंटरसेक्स डायवर्सिटी कहा जाता है। इसका मतलब उन व्यक्तियों से है जिनके शरीर में जन्म के समय पुरुष या महिला के सामान्य विकास से अलग बायोलॉजिकल लक्षण पाए जाते हैं। विधेयक में यह भी कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति या बच्चे को जबरन अंग-भंग, मजबूर कर के, लिंब एम्पुटेशन या किसी सर्जिकल, रासायनिक अथवा हार्मोनल प्रक्रिया के माध्यम से ट्रांसजेंडर पहचान अपनाने के लिए मजबूर किया गया हो तो ऐसे मामलों को भी ट्रांसजेंडर व्यक्ति की श्रेणी में शामिल माना जाएगा। इस संशोधन विधेयक में एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिया गया है। इसमें कहा गया है कि केवल अलग-अलग सेक्सुअल ओरिएंटेशन रखने वाले लोग या अपनी सेल्फ रीलज़ैशन लैंगिक पहचान के आधार पर स्वयं को किसी अन्य जेंडर के रूप में बताने वाले व्यक्ति इस एक्ट के तहत ट्रांसजेंडर की परिभाषा में शामिल नहीं होंगे। सरकार के अनुसार 2019 के कानून में परिभाषा बहुत व्यापक होने के कारण यह तय करना मुस्किल हो गया था कि वास्तविक रूप से किन लोगों को इस कानून के तहत मिलने वाले लाभ और संरक्षण दिए जाएँ। इसलिए संशोधन विधेयक में यह स्पष्ट किया गया है कि ट्रांसजेंडर पहचान केवल व्यक्तिगत पसंद, विशेषता या स्वयं घोषित पहचान के आधार पर नहीं दी जा सकती।

प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं। अभी तक व्यवस्था यह थी कि कोई व्यक्ति अपनी सेल्फ रीलज़ैशन के आधार पर आवेदन करता था और जिला मजिस्ट्रेट दस्तावेजों की जाँच के बाद प्रमाण पत्र जारी करते थे लेकिन नए संशोधन के तहत पहचान की प्रक्रिया में मेडिकल बोर्ड को शामिल किया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार एक डेसिग्नेटेड मेडिकल बोर्ड बनाया जाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी करेंगे। यह बोर्ड संबंधित व्यक्ति के मामले की जाँच करेगा और अपनी सिफारिश देगा। इसके बाद जिला मजिस्ट्रेट उस सिफारिश की समीक्षा करेंगे और उसके आधार पर ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र जारी करेंगे। यदि आवश्यक समझा गया तो जिला मजिस्ट्रेट अन्य मेडिकल एक्सपर्ट से भी सलाह ले सकते हैं। 2019 के एक्ट की धारा 4(2) में यह प्रावधान था कि किसी व्यक्ति को अपनी सेल्फ रीलज़ैशन लैंगिक पहचान के आधार पर ट्रांसजेंडर के रूप में मान्यता मिल सकती है।

### इन भाषाओं ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# अत्यंत गंभीर है कृत्रिम मेधा के विकास में भारतीय भाषाओं के डाटा की कमी का मामला





इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में कृत्रिम मेधा या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विश्व की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक बन चुकी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, मीडिया, प्रशासन और व्यापार जैसे अनेक क्षेत्रों में इसका उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इस तकनीक की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार विशाल मात्रा में उपलब्ध डिजिटल डेटा होता है। कृत्रिम मेधा के मॉडल उसी भाषा और विषय को बेहतर समझ पाते हैं जिसके बारे में पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण डेटा उपलब्ध हो। यही कारण है कि विश्व स्तर पर एआई तकनीक अंग्रेजी जैसी भाषाओं में अधिक प्रभावी दिखाई देती है, जबकि अनेक अन्य भाषाएँ तकनीकी विकास की इस दौड़ में पीछे रह जाती हैं। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह स्थिति एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आ रही है, क्योंकि यहाँ भाषाई विविधता अत्यंत व्यापक है लेकिन भारतीय भाषाओं के लिए उपलब्ध डिजिटल डेटा अभी भी सीमित है। यही कारण है कि विशेषज्ञ लगातार यह चेतावनी दे रहे हैं कि यदि भारतीय भाषाओं के लिए पर्याप्त डेटा का विकास नहीं किया गया तो एआई तकनीक के लाभ समाज के बड़े हिस्से तक नहीं पहुँच पाएँगे। भारत की भाषाई विविधता को समझना इस समस्या की गंभीरता को स्पष्ट करता है। भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 19,500 से अधिक मातृभाषाएँ और बोलियाँ दर्ज की गई थीं। इनमें से लगभग 121 भाषाएँ ऐसी हैं जिनके बोलने वालों की संख्या 10,000 से अधिक है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को आधिकारिक मान्यता प्राप्त है, जिनमें हिंदी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, उर्दू, पंजाबी, असमिया और ओड़िया जैसी प्रमुख भाषाएँ शामिल हैं। इन भाषाओं को करोड़ों लोग बोलते हैं और इनके साहित्य, संस्कृति और सामाजिक जीवन की समृद्ध परंपरा रही है। इसके बावजूद डिजिटल दुनिया में इन भाषाओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम है। इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री का अधिकांश भाग अभी भी अंग्रेजी भाषा में है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार वैश्विक वेब सामग्री का एक बड़ा हिस्सा अंग्रेजी में उपलब्ध है, जबकि अनेक भाषाओं की डिजिटल उपस्थिति सीमित है। यही असंतुलन कृत्रिम मेधा के विकास में भी दिखाई देता है। कृत्रिम मेधा के आधुनिक मॉडल, विशेष रूप से भाषा आधारित प्रणालियाँ, विशाल डिजिटल पाठ और भाषाई डेटा के आधार पर प्रशिक्षित होती हैं। यदि किसी भाषा में पर्याप्त डिजिटल सामग्री उपलब्ध नहीं है, तो उस भाषा के लिए विकसित एआई मॉडल अपेक्षाकृत कमजोर या सीमित क्षमता वाले होते हैं। हिंदी, तमिल, बंगाली और मराठी जैसी प्रमुख भाषाओं के लिए कुछ हद तक डिजिटल संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन कई अन्य भाषाओं और बोलियों के लिए यह संसाधन अत्यंत सीमित हैं।


### जरा हटके

# ईद पर परिवार और बच्चों की खुशी की खातिर दिव्यांग रमजान अली ट्राई साइकिल पर बेचते मिले गुब्बारे

पवित्र रमजान व ईद के दिन भी दिव्यांग रमजान अली रोज की तरह कैंट रोड सन्नाटे में पेट परिवार और बच्चों की खुशी की खातिर प्रदेश सरकार से मिली ट्राई साइकिल पर रंग-बिरंगे गुब्बारे के साथ गुब्बारे बेचते दिखाई दिये। प्रतिदिन गुजरने वाले लोग इक्का -दुक्का इंसानियत भाव वाले लोग रमजान अली को ईद की मुबारकबाद भी देते हुए जा रहे थे। रमजान अली को मैं भी रात में कभी-कभी उसका हौसला अफजाई करने के लिए अपना वाहन रोककर उसका हाल-चाल ले लिया करता था साथ ही कुछ न कुछ उसकी आर्थिक सहयोग भी कर देता हूं, जिसे वह शुक्रिया बोलकर कहता साहब धंधा मंदा चल रहा है। थोड़ा सही होने पर 26 जनवरी,15 अगस्त या ईद पर आपको वापस कर दूंगा। इस बार भी ईद पर उसने वही वाक्य दोहराया। कोई बात नहीं मैंने उसे ईद मुबारकबाद दी और कहां यार ईद पर छुट्टी मना लेते हैं। साहब छुट्टी मनाऊंगा तो सब गड़बड़ हो जाएगा। खाड़ी युद्ध को देखते हुए यहां के चाय वालों ने होटल वालों ने जहां अपना खाने-पीने का सामान महंगा कर रखा है, वही रमजान अली ने अपने गुब्बारे का मूल्य मात्र 10 ही पूर्व की भांति बिक्री कर रहे हैं।

कड़ाके की ठंड, गर्मी या बरसात का मौसम हो, रमजान अली लखनऊ कैंट से लेकर बांग्ला बाजार चौराहे तक जगह-जगह अपनी ट्राई साइकिल रोकते हुए गुब्बारे बेचते हुए रात्रि में मिल जाते है। इनका धंधा शाम 6:00 बजे से शुरू होकर रात 12:00 बजे तक चलता है, उसके बाद रात में 1:00 बजे के आसपास यह अपने घर पहुंचते हैं, मालूम हो कि रमजान अली अपने किसी एक दोस्त के साथ लगभग 23 वर्ष पूर्व मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, उसका दोस्त नशे में था, बंद रेलवे क्रॉसिंग पर जबरदस्ती मोटरसाइकिल निकालने के चक्कर में रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मोटर-साइकिल गिर गई। जिसमे मेरे दोनों पैर और दोस्त का हाथ कट गया। पूर्व में अच्छा खासा धंधा चल रहा था। अपाहिज होने पर काम धंधा छूट गया, आर्थिक स्थिति खराब हो गई। सरकार द्वारा ट्राई साइकिल मिली है, जिससे 10 का एक गुब्बारे बेचता हूं, लगभग 40 गुब्बारे बेचकर प्रतिदिन 400 कमा लेता हूं। जिससे परिवार का खर्चा चल रहा है। रमजान अली से पूछा गया क्या कभी हज जाने की इच्छा नहीं होती तो उसने कहा अरे छोड़िए इसमें क्या रखा हुआ है, पैसे वाले लोगों के यह काम है,लोग इंसानियत की परवाह नहीं कर रहे हैं। भाईचारे से दूर हैं, भाई- भाई को बहन -बहन को परिवार नहीं पूछ रही है, मां-बाप बच्चों की पढ़ाई और उनका कोई कारोबार ठीक से नहीं देख रहे हैं, माता-पिता और बुजुर्ग कोई ठीक से देखभाल नहीं करता है, और अंधविश्वास पाखंड में लिप्त है। मुझे इनसे दूर रहना है, अपने देश की माटी पर मुझे गर्व है।भारत मेरा देश है,यहां के सभी लोग मेरे अपने हैं। सादा जीवन जीता हूं, उच्च विचार रखता हूं।संवि-





धान शिल्पी बाबा साहब भारत रत्न डॉक्टर अंबेडकर गांधी जी ,नेहरू जी अटल बिहारी वाजपेई जी, इंदिरा जी राजीव जी, एपीजे कलाम आदि को मैं अपना आदर्श मानता हूं। केंद्र और प्रदेश की सरकार अच्छी तरह से चल रही है, विकास कार्य हो रहे हैं। सरकार द्वारा मुझे एक हफ्ते में ही ट्राई साइकिल मिली थी। दिव्यांग पेंशन भी मिल रही है,मैं सरकार का शुक्रगुजार हूं। मैं ज्यादा लफड़ा जिंदगी मे पालता नहीं हूं, बस यही तमन्ना रहती है, कि साईं इतना दीजिए जाके कुटुमब समाए, मैं भी भूखा ना रहा हूं, अतिथि भी भूखा न जाए। पूर्वउपनिदेशक सूचना प्रमोद कुमार ने रमजान अली को 500 ईद के मौके पर ईदी के रूप में उसे दिए। और उससे कहा कि अब ठंडा मौसम दोबारा हो गया है, घर जाओ। ईद के अवसर पर शहीद पथ पर जनपद मिग्सन , मिगसन सेंट्रल,फुहार पैराडाइज मे भी लोग ईद पर एक दूसरे को बधाई देते मिले। लुलु मॉल प्रांगण में बुलंदशहर से सपरिवार रईस खान मिले,उन्होंने कहा लखनऊ बहुत अच्छा है, लखनऊ में लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं, गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिल रही है। मेरठ में भी मेरी रिश्तेदारी है, मेरठ भी एक अच्छा शहर है, कक्षा चार मे पढ़ रहे हैं पुत्र रहबर खान और कक्षा 1 के उमर खान ने मुझे कहा अंकल ईद की हार्दिक बधाई मैं भी उनको बधाई दी और कहां मेहनत से पढ़ो आगे बढ़ो, मेरे दोस्त आमोद श्रीवास्तव ने भी उन बच्चों सहित आधा दर्जन बच्चों को ईद की बधाई दी और उनके गले मिले, और खुशियों का इजहार किया।

## छोटा सा सच

आधुनिक युग में हम देखा - देखी व होंडा - होड़ आदि में इतना ज़्यादा बह रहे हैं की उसके अलावा हमें कूछ दिखता ही नहीं हैं । जिससे हमारे विचार , आचार , सोच आदि में जितनी ज़्यादा पूर्णता होनी चाहिये उतनी पूर्णता नहीं आ पाती हैं ।मन के अनुकूल बात या काम आदि नहीं हुआ तत्काल ग़ुस्से आदि से प्रतिक्रिया आ जाती हैं जों हितकारी नहीं होती हैं किसी के लिए क्यूँकि सहन शक्ति किसी की रही नहीं इसलिये दुःखों का साम्राज्य हमें दिनो - दिन घेरे जा रहा हैं । इसका सही व उचित कारण यह हैं की हमारे भितर में बिना फ़ालतू या अनावश्यक व बिना काम की आदि की इतनी सारी चीज़ें ( सोच , चिन्तन आदि ) समाहित हो रखी है और लबालब भरी पड़ी है जिससे सही चीज़ जैसे की आत्मा के लियें करणीय या ग्रहण करने वाली चीज़ का प्रवेश ही भितर में नहीं हो पाता हैं । सही का अभाव व ग़लत का कूट - कूट कर भरा पड़ना व उसका लगातार पोषण हमें अनचाहे गर्त की और ले जाने वाला है । हम लगातार अपने जीवन में छोड़ने लायक बात को तत्काल छोड़े जिससे सही जानने लायक बात को जानने , समझने व आने एवं ग्रहण करने वाली बात को ग्रहण कर सके । यह हम (आत्मसात करें) । अतः अहं से बाहर निकलकर “में₹ ₹में₹ की जगह, “हम₹ और ज्यादा से ज्यादा ₹आप₹ शब्द का हम प्रयोग करते हुए, विनम्रता,सरलता को आत्मसात करते हुए, होठों पर सदा मुस्कान रखते हुए, किसी के जालसाजी,बहकावें में आने से बचाव करते हुए, किसी के प्रति घृणा करने से बचते हुए, हम ज्ञानार्जन करते हुए ज्ञान को अर्जित करते हुए, मित्रों के प्रति वफादारी सच्ची मित्रता निभाते हुए, आदि - आदि सभी नगीनों के प्रति सचेत रहतें हुए हँसी- खुशी अपनी जिंदगानी जीते रहें।

**प्रदीप छाजेड़**

## वाराणसी में धमाके के बाद पूरा मकान ढहा, आसपास के घरों में दरारें आईं

# खाना बनाते समय सिलेंडर फटा भाई-बहन की मौत

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी में मंगलवार सुबह साढ़े 7 बजे खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फट गया। धमाके से पूरा मकान ढह गया। हादसे के वक्त घर में परिवार के 4 लोग मौजूद थे। भाई-बहन की मौत हो गई। जबकि मां और बड़ा भाई मलबे में दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर उन्हें बाहर निकाला और बीएचयू ट्रामा सेंटर में भेज दिया।

धमाका इतना भीषण था कि आसपास के कई मकानों में दरारें आ गईं। लोग घरों से बाहर निकल आए।




भागकर मदद के लिए पहुंचे। हादसे में ओम कुमार चौधरी (31) और उसकी बहन प्रीति उर्फ लक्ष्मी (28) की मौत हुई है। वहीं, मां गिरिजा देवी (60) और बड़ा भाई अमन चौधरी (33) की हालत गंभीर है। घटना काशी विश्वनाथ मंदिर से 7 किलोमीटर दूर लहरतारा इलाके में हुई। मौके पर NDRF की टीम भी पहुंची है। जेसीबी की मदद से मलबा हटाया जा रहा है। एडीसीपी वरुणा जोन नीतू कादयान ने बताया-एक मंजिला मकान गिरने की सूचना मिली थी। हादसा सिलेंडर फटने की वजह से हुआ। मकान से 4 लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने 2 को मृत घोषित कर दिया। धमाका सुनकर आसपास लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों के साथ रेस्क्यू शुरू किया। चारों लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने 2 को मृत घोषित कर दिया। डीआईजी शिवहरि मीणा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मुआयना किया। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने मौके से मिले गैस चूल्हे को जांच के लिए भेजा है।

### 2 बेटों और एक बेटी के साथ मां रहती थीं

लहरतारा इलाके में गिरिजा देवी का मकान है। यहां अपने दो बेटों अमन, ओम और बेटी प्रीति के साथ रहती हैं। अमन प्राइवेट नौकरी करता है। ओम ड्राइवर था। किराए पर कार चलाता था, जबकि प्रीति पढ़ाई कर रही थी और घर के काम में मां का हाथ बंटाती थी। गिरिजा के पति आत्मा प्रसाद की 3 साल पहले मौत हो चुकी है।

### सिलेंडर फटने से धमाका, मकान भराभराकर ढहा

गिरिजा का मकान करीब 50 साल पुराना है। पीछे का हिस्सा हाल ही में बनवाया था। उसकी फिनिशिंग का काम चल रहा था। आगे का 400 वर्गफीट हिस्सा जर्जर था। हादसे के वक्त सभी इसी हिस्से में थे। सुबह गिरिजा देवी किचन में खाना बना रही थीं। तभी सिलेंडर से गैस लीक होने लगी। पाइप में आग लग गई। जब तक वो कुछ समझ पातीं, तेज धमाका हो गया। मकान भराभराकर ढह गया।



> **पड़ोस में रहने वाली गिरजा देवी की भतीजी चंदा साहनी ने बताया कि हम लोग सो रहे थे। धमाके की आवाज सुनकर जगे। दौड़कर बाहर आए तो देखा कि बड़ी मम्मी का घर गिरा हुआ था। पड़ोस के लोग भी आ गए। लोगों से कहा कि खोजिए घरवाले कहां हैं। फिर पुलिस बुलाई। बिजली का कनेक्शन काटा।**

## सीएचसी की व्यवस्थाओं पर राज्य टीम की नजर

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखने पहुंची राज्य स्तरीय टीम ने जहां एक ओर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया, वहीं दूसरी ओर सुधार की जरूरत वाले बिंदुओं को भी चिन्हित किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली दवाओं, निशुल्क जांच सुविधाओं और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अस्पताल पहुंची टीम में लखनऊ के स्टेट कंसल्टेंट डा. कमल मिश्रा, अयोध्या मंडल के एएक्यूएम डा. संजीव कुमार और देवीपाटन मंडल के क्वालिटी एश्योरेंस विशेषज्ञ डा. संतोष कुमार शामिल रहे। टीम ने अधीक्षक डा. राजर्षि त्रिपाठी के साथ अस्पताल परिसर का भ्रमण करते हुए इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, स्त्री रोग ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, दवा वितरण



केंद्र, क्षय रोग कक्ष, प्रसव कक्ष, भर्ती वार्ड और वैक्सीनेशन कोल्ड चैंबर की व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता और रिकॉर्ड मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दिया। साथ ही यह भी देखा कि सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाएं पात्र मरीजों तक सही तरीके से पहुंच रही हैं या नहीं। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) लैब की भी गहन जांच करते हुए उपकरणों की स्थिति और जांच प्रक्रिया की गुणवत्ता को परखा गया। हालांकि निरीक्षण में कई व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, लेकिन टीम ने अस्पताल परिसर में बने कर्मचारियों के आवासों की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई।

**फास्ट न्यूज**

### काजल निषाद ने ट्रैफिक पुलिस पर तंज कसा

गोरखपुर । सपा नेता काजल निषाद ने गोरखपुर ट्रैफिक पुलिस पर तंज कसा है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है। साथ ही एक वीडियो भी जारी किया है। पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि मैं घर के अंदर चाहरदीवारी के अंदर बुलेट चलाना सीख रही थी। तब मेरा चालान कर दिया गया था। मगर अब सत्ताधारी लोग कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बिना हेलमेट के बाइक चलाकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### फर्जी आईएएस गिरफ्तार, 26 लड़कियों की जिंदगी बर्बाद की

गोरखपुर । गोरखपुर की युवती से फर्जी आईएएस बनकर शादी रचाने वाले आरोपी प्रीतम निषाद को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। युवती के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कैंट पुलिस आरोपी की तलाश में इटावा गई थी।

आरोपी की लोकेशन बुंदेलखंड के जालौन में मिली। जिसके आधार पर पुलिस वहां ढूंढते हुए पहुंची। कालपी रेलवे स्टेशन के पास आरोपी प्रीतम निषाद मिला। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद पूछताछ शुरू की। आरोपी ने बताया कि वह हाई स्कूल पास है।

### टाटा मैजिक खाई में गिरी

बाराबंकी । बाराबंकी में टाटा मैजिक टायर फटने से पलटते हुए खाई में गिर गई। हादसे में 12 से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। सवारियों से भरी मैजिक बाराबंकी से लखनऊ की ओर जा रही थी। गाड़ी का अचानक टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलटते हुए सड़क किनारे कई फीट गहरी खाई में गिर गई।

## टीबी मुक्त पंचायत बनने पर 7 ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित



तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2025 में टीबी मुक्त अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली सात ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की झलक देखने को मिली।

विकास खंड अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा ग्राम पंचायत राममंडई, ज्योली, मझगंवा, जगतापुर, लोहारनपुर, चंदूरा और टंडवा को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किए जाने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को महात्मा गांधी जी का प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है। इन पंचायतों ने जागरूकता अभियान चलाकर, समय पर जांच कराकर और मरीजों को नियमित दवा दिलवाकर सराहनीय कार्य किया है। यह अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने आगे बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा निरंतर निगरानी, स्क्रीनिंग और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## परिषदीय स्कूलों के 22-बच्चों ने पहली बार भरी हवाई उड़ान

वाराणसी । परिषदीय स्कूलों के 22 छात्र-छात्राएं पहली बार हवाई यात्रा कर रहे हैं। मंगलवार को वाराणसी, प्रयागराज व मीरजापुर मंडल के 22 चयनित छात्र-छात्राएं फ्लाइट में बैठे तो उनके चेहरे की चमक देखते ही बन रही थी। वाराणसी मंडल के एडी बेसिक हेमंत कुमार राव की मौजूदगी में यह छात्र-छात्राएं बाबतपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री एयरपोर्ट से बंगलुरू के लिए रवाना हुए। दरअसल, इसमें ज्यादातर छात्र छात्राएं बहुत ही कमजोर परिवार के हैं। ये सभी चयनित छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए थे और प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने पर यह तोहफा मिला है। वाराणसी मंडल के AD बेसिक हेमंत राव ने बताया कि इन छात्र-छात्राओं को ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का भ्रमण भी कराया जाएगा। इसमें 11 जनपद के परिषदीय स्कूलों के 22 बच्चों का चयन किया गया है।

## जनपद तेजी से बढ़ा 'टीबी मुक्त भारत' की ओर', किए जा रहे प्रयासों की सराहना

# 122 ग्राम पंचायतें बनीं टीबी मुक्त

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में आयोजित जागरूकता एवं सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि "हां! हम टीबी हरा सकते हैं, भारत के नेतृत्व में टीबी का अंत संभव है"कृयह संकल्प जनपद में धरातल पर साकार हो रहा है। तथा जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद की 122 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जिनमें 05 पंचायतों को स्वर्ण, 29 को सिल्वर तथा 88 पंचायतों कांस्य कलर गांधी जी की प्रतिमा दी गई है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम स्तर पर कार्यरत टीमों के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि टीबी



जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए जनजागरूकता, समय पर जांच और नियमित उपचार अत्यंत आवश्यक है। सरकार द्वारा टीबी मरीजों को निःशुल्क जांच एवं उपचार के साथ-साथ पोषण सहायता भी प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 24 मार्च से 100 दिवसीय सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, पूर्ण उपचार एवं जनजागरूकता ही टीबी उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है।जनपद टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है और इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

> **जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम स्तर पर टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों की जांच एवं उपचार सुनिश्चित कराया जाए।**

## 'प्यार' से मिलने गया तो 18 बच्चों के पिता को मिली मौत

# प्रेमिका ने पूर्व प्रधान के कत्ल की रची खौफनाक साजिश

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में हत्या की खौफनाक घटना सामने आई है. पूर्व प्रधान की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया. हैरान करने वाली बता यह है कि हत्या की मास्टरमाइंड पूर्व प्रधान की प्रेमिका ही है. उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर हत्या की, फिर लाश को बोरे में भरकर नहर किनारे फेंक दिया. पुलिस ने आरोपी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है.

आरोप है कि मुस्तका महिला पर मिलने का दबाव बना रहा था



और उसे ब्लैकमेल कर रहा था. इसी से तंग आकर महिला ने अपने भाई और उसके दोस्त के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची. 18 मार्च की रात मुस्तका को मायके बुलाया गया, जहां लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी. इसके बाद शव को बोरे में भरकर नहर किनारे फेंक दिया, जिसे रविवार को बरामद किया गया. दो शादियां और 18 बच्चों के पिता रहे पूर्व प्रधान की हत्या ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है.

प्रतापगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल ने बताया कि मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

> **मामला प्रतापगढ़ जिले के मांधाता कोतवाली क्षेत्र का है. सुमेरपुर गांव के पूर्व प्रधान मुस्तका गुलशन उर्फ मुन्ना 18 मार्च को घर से निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे. परिवार की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरु की और कॉल डिटेल के जरिए 21 मार्च को आरोपी महिला सुमन गौतम तक पहुंच गई. जांच में खुलासा हुआ कि मुस्तका और सुमन के बीच अवैध संबंध थे.**

### नींव की खुदाई के दौरान बगल का मकान ढहा

प्रयागराज । प्रयागराज के साउथ मलाका में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक प्लॉट पर नींव की खुदाई के बाद पिलर बांधने का काम चल रहा था और इसी दौरान बगल के मकान का एक हिस्सा ढह गया। इसके मलबे के नीचे दो मजदूर दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस एसडीआरएफ ने दोनों को किसी तरह निकालकर अस्पताल भेजा। इनमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है।

मृतक 40 साल का विनोद कुमार पुत्र श्रीनाथ हनुमना मिर्जापुर का रहने वाला था। वह अपनी पत्नी के साथ यहां मजदूरी करने आया था। घटना के बाद मौके पर मौजूद पत्नी रन्नो फूट-फूटकर रोती रही। घटना दोपहर तीन बजे के करीब हुई। साउथ मलाका में रहने वाले प्रकाश केशरवानी के एक मंजिला मकान के बगल में एक खाली प्लॉट है। इसमें नींव के लिए पिछले दिनों ही खुदाई हुई थी। अब बीम बांधने का काम चल रहा था। यहां कुल नौ मजदूर काम में लगे हुए थे।

## एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह ने जानी शिक्षकों की समस्याएं



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। आगरा खंड स्नातक विधायक (एमएलसी) मानवेंद्र प्रताप सिंह ने दिनांक 20 मार्च 2026 को मथुरा में शिक्षक जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत इंटर-मीडिएट व हाईस्कूल परीक्षा के मूल्यांकन कार्य में जुटे शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित शिक्षक बंधुओं से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उनके समाधान का आश्वासन दिया। एमएलसी ने शिक्षकों को अवगत कराया कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अन्य संविदा कर्मियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षकों और उनके परिवारों के लिए बीमारी के समय अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

इसके साथ ही उन्होंने मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी की जानकारी देते हुए बताया कि पहले परीक्षकों को प्रति कॉपी 1 मिलता था, जिसे बढ़ाकर 14 प्रति कॉपी कर दिया गया है और इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

**कार्यक्रम :** एआईएमआईएम के यूपी अध्यक्ष बोले- 111 नहीं, 11 विधायक दे दो, ताकत दिखा देंगे

# 'मुसलमानों का एनकाउंटर करने वालों का भी एनकाउंटर होगा'

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । 'हमें 111 नहीं, सिर्फ 11 विधायक दे दो तो अपनी ताकत दिखा देंगे। किसी मुसलमान का एनकाउंटर होगा, तो करने वाले का भी एनकाउंटर होगा। केवल 11 विधायक में ही हम अपनी ताकत दिखा देंगे।'

यह बात असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के यूपी प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली ने 23 मार्च को कही। वह मेरठ में ईद मिलन के एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। आज (मंगलवार) इसका वीडियो सामने आने के बाद शौकत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सामने आए 36 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि शौकत



AIMIM प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली ने कहा कि सिर्फ आरोपों के आधार पर लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाए गए। बेगुनाहों को निशाना बनाया गया।

अली ईद मिलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। आसपास पार्टी के कुछ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद हैं। उनकी बात खत्म होने के बाद पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता है। नारे लगने शुरू हो जाते हैं।

वीडियो में शौकत अली ने कहा- मैं आपसे वादा करके जा रहा हूं कि यूपी में अगर किसी मुसलमान का एनकाउंटर होगा, तो ऐसा करने वालों का भी एनकाउंटर होगा। अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने शौकत अली की 48 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की मांग की है। सचिन ने कहा कि शौकत अली ने एनकाउंटर करने की जो धमकी दी है, वह पुलिस के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी दी है।

### केवल बेगुनाहों को निशाना बनाया गया

शौकत अली ने कहा- प्रदेश में मदरसों पर ताले लगवाए गए। सिर्फ आरोपों के आधार पर लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाए गए। बेगुनाहों को निशाना बनाया गया। इस देश को आजाद कराने में हम लोगों की भी भूमिका रही है। लेकिन, हमारे साथ सबसे ज्यादा ज्यादती हो रही है। उन्होंने मेरठ के पुलिस कप्तान के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई थी। शौकत अली ने कहा- रामनवमी के जुलूस के दौरान भी इसी तरह के सख्त कदम उठाने चाहिए।

### ईद मिलन नहीं, 2027 का आगाज

लोहिया नगर थाना क्षेत्र के एक मंडप में हुए ईद मिलन समारोह के कुछ और वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो में शौकत अली कह रहे हैं कि यह कार्यक्रम केवल ईद मिलन समारोह नहीं है। यह हमारा 2027 के विधानसभा चुनाव का आगाज है। अगर आप अपने विधायक को लखनऊ भेजना चाहते हैं, तो 1 साल के लिए घर से निकल जाओ। एक-एक घर, एक-एक गांव जाकर बताओ कि हमारे साथ इस मुल्क के अंदर सबसे ज्यादा नाइंसाफी हुई है।

# हीद दिवस पर 'मेरा युवा भारत' के तहत पदयात्रा का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर आज विकास खंड मसौली में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा संचालित 'मेरा युवा भारत' पोर्टल के माध्यम से जिला स्तरीय पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सहयोगी संस्था आर. वी. पी. जी. कॉलेज, खुशहालपुर (सफदरगंज) के परिसर में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक व विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्राचार्य ने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । पदयात्रा के जरिए युवाओं को देश के अमर शहीदों के बलिदान से रूबरू कराया गया और उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की गई। कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्थानीय युवाओं



ने इस पदयात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारों के साथ युवाओं ने समाज को देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग चार्ट प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता पौधरोपण भी कराया गया । जिसमें विभाग द्वारा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि जी को मेरा युवा भारत बाराबंकी द्वारा उनको स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया ।

# उन्नाव में हाईवे जाम किया, कानपुर में महिला बोली- मर जाऊंगी तो क्या होगा

# हापुड़ में गैस की लाइन में लगे युवक को हार्टअटैक

**किल्लत**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर, हापुड़, प्रयागराज। यूपी में गैस सिलेंडर की किल्लत जारी है। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनें लगी हैं। मंगलवार सुबह 11 बजे हापुड़ में एक गैस एजेंसी पर सिलेंडर के लिए लाइन में लगे 35 साल के युवक पप्पू को हार्ट अटैक आ गया। वह जमीन पर गिर पड़ा। लोगों ने उसे CPR देने की कोशिश की, फिर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

पप्पू कविनगर का रहने वाला है और किराए पर कार चलाता है। सिलेंडर की लाइन में हार्ट अटैक का यह देश में तीसरा मामला है। इससे पहले फर्रुखाबाद में मुख्तार अंसारी (75) और पंजाब के बरनाला जिले में भूषण कुमार मित्तल (66) को हार्ट अटैक आया था। दोनों की मौत हो गई थी।

इधर, उन्नाव में भैयाजी गैस एजेंसी को बिना सूचना बंद किए जाने से लोग नाराज हो गए। दोपहर 1 बजे लोगों ने कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

वहीं, कानपुर में सिलेंडर लेने एजेंसी पर पहुंचे लोगों ने कहा कि OTP आने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे। गैस एजेंसी पहुंचने पर कहा जाता है कि आपकी बुकिंग नहीं हुई है।



हापुड़ में गैस एजेंसी पर लाइन में लगे युवक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### उन्नाव में सिलेंडर लेकर हाईवे पर जाम लगाया

उन्नाव में भैयाजी गैस एजेंसी को बिना सूचना बंद किए जाने से लोग नाराज हो गए। उन्होंने कानपुर–लखनऊ हाईवे पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और यातायात बहाल कराया।



उन्नाव में लोगों ने कानपुर–लखनऊ हाईवे पर सिलेंडर रखकर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

### कानपुर में महिला बोली- हम मर जाएंगे तो बच्चों को कौन देखेगा

कानपुर में 55 साल की महिला मुमताज ने कहा- मेरे घर में 5 बेटियां हैं। पर्ची मिलने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। एजेंसी वाले रोज दौड़ा रहे हैं। मुझे बीपी की बीमारी है। रोज 200 रुपए आने जाने के लग रहे हैं। हम मर जाएंगे तो मेरे बच्चों को कौन देखेगा।

### कानपुर में लोग बोले- एजेंसी समय से नहीं खुल रही

कानपुर की माल रोड स्थित सुमिता गैस एजेंसी पर सुबह 8 बजे से ही लोग पहुंचने लगे। यहां सिलेंडर लेने और पर्ची बुक कराने के लिए लोगों की भीड़ रही। लोगों ने बताया कि एजेंसी आमतौर पर सुबह 10:30 बजे खुल जाती है, लेकिन अब 11 बजे तक भी नहीं खुल रही है।

मोतीलाल ने कहा- मैंने 11 मार्च को गैस बुक की थी। आज तीसरी बार आया हूं, लेकिन हर बार कहा जाता है कि गाड़ी नहीं आई है और सिलेंडर घर पर भेजा जाएगा। आज जब मैं यहां पहुंचा, तो गैस एजेंसी खुली ही नहीं थी।

# एमआईटी में 'यूनि इटालिया' का विशेष सत्र

## छात्रों को बताए इटली में पढ़ाई के सुनहरे अवसर

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में छात्रों तथा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों और काउंसलर के लिए इटली में उच्च शिक्षा के अवसरों को लेकर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इटली दूतावास, भारत द्वारा समर्थित आधिकारिक संस्था 'यूनि इटालिया' के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर विद्यार्थियों को अंतर-राष्ट्रीय शिक्षा के नए आयामों से अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत यूनि इटालिया की एसोसिएट रूबी थॉमस द्वारा छात्रों के साथ आयोजित इंटरैक्टिव सत्र से हुई। उन्होंने इटली में अध्ययन की संभावनाओं, वैश्विक एक्सपोज़र और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के बढ़ते महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके उपरांत यूनि इटालिया के इंडिया ऑफिस के कोऑर्डिनेटर अर्कप्रभा बिस्वास एवं इटैलियन लैंग्वेज कोऑर्डिनेटर रोसेला ने आमंत्रित प्रधानाचार्यों एवं काउंसलर्स के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान रोम्बस पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अमित कोहली, केडी इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल रूपल रस्तोगी, न्यू एरा इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल रंजीत सिंह सहित मुनीराम यादव उपस्थित रहे। सत्र में प्रतिनिधियों ने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में इटली में पढ़ाई के महत्व को रेखांकित करते हुए भारतीय छात्रों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों की जानकारी दी।

**फास्ट न्यूज**

### आईएसआईएस आतंकी हारिश से एटीएस करेगी पूछताछ

लखनऊ। लखनऊ में आतंकी गतिविधियों से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। एनआईए कोर्ट ने प्रतिबंधित संगठन ISIS से जुड़े सहारनपुर निवासी हारिश को 5 दिन की रिमांड पर एटीएस को सौंपा है। एजेंसियां उससे नेटवर्क, फंडिंग और अन्य संदिग्धों के बारे में गहन पूछताछ करेंगी। जांच एजेंसियों के मुताबिक हारिश पर इंटरनेट मीडिया के जरिए युवाओं को जिहाद के लिए उकसाने और ISIS की विचारधारा का प्रचार करने का आरोप है।

### बंदर ने बच्ची को काटा-युवक डरकर दूसरी मंजिल से कूदा

लखनऊ। लखनऊ के राजाजी-पुरम की सपना कॉलोनी के लोग इन दिनों खौफ के साए में जी रहे हैं। यहां बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि लोग सड़कों पर ही नहीं, अपने घरों के भीतर भी सुरक्षित नहीं हैं। ड्राइंग रूम से लेकर किचन और बेडरूम तक में घुसकर बंदर हमला कर रहे हैं।

लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर काट रहे हैं। बच्चों के गाल पर थप्पड़ मारकर उन्हें नोच रहे हैं। दहशत का आलम यह है कि एक युवक डरकर दूसरी मंजिल से कूद गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग अब खुद ही सुरक्षा का इंतजाम करने को मजबूर हैं।

### गर्लफ्रेंड की शादी तय होने पर दी जान

कानपुर। कानपुर में एक युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। सुसाइड से पहले उसने अपनी गर्लफ्रेंड को पंखे से लटकते हुए फंदे का वीडियो बनाकर भेजा। साथ ही व्हाटसएप पर स्टेटस लगाया।

स्टेटस में लिखा- मैं अपनी लाइफ बिना किसी दबाव के खत्म कर रहा हूं। मैं किसी के जाने पर खुद को खत्म कर रहा हूं। प्लीज किसी पर कोई रिएक्शन न किया जाए, क्योंकि सभी ने मेरा साथ दिया। सबने अच्छा व्यवहार किया।

# जलती बस से 38 बच्चों की जान बचाने वाले सत्येंद्र सिंह सम्मानित



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति (रजि.), उत्तर प्रदेश द्वारा होटल निविशिका इन में आयोजित सम्मान समारोह में उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह को उनकी अद्वितीय बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि 18 मार्च 2026 को बरेली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने साहस, तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए जलती हुई स्कूल बस से 38 मासूम बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई थी। उनका यह कार्य अत्यंत प्रेरणा-दायक और सराहनीय बताया गया।

समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने उन्हें फूलमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सत्येंद्र सिंह का यह वीरतापूर्ण कार्य समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है और उन्हें सम्मानित करना गर्व की बात है।

अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा महिला की प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव ने भी उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज को प्रेरणा मिलती है और समाज और अधिक सशक्त बनता है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था अब तक 3000 से अधिक लोगों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित कर चुकी है।

### घरों में खाना खिलाने वाली महिलाओं के बच्चे भूखे

कानपुर। कानपुर में गैस पैनिक के बीच अब सिलेंडर की किल्लत बढ़ती जा रही है। राजापुरवा में रहने वाली यहां की करीब 70% महिलाएं घरों में बर्तन धुलने, खाना बनाने और साफ-सफाई का काम करती हैं। इन लोगों का कहना है कि हम लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इससे हमारे बच्चे पूरे दिन भूखे रहते हैं। लोगों के घर में अब एक टाइम चूल्हा जल पा रहा है। वहीं, प्रशासन का दावा है कि शहर में पर्याप्त मात्रा में गैस का वितरण किया जा रहा है। जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक है। राजापुरवा की रहने वाली मंजू साहू ने बताया- हमारे घर में सिलेंडर नहीं है। हम बहुत परेशान हैं। छोटे-छोटे बच्चे भूखे दिन गुजार रहे हैं। हम लोग सिलेंडर लेने के लिए जाते हैं, तो भगा दिया जाता है। एजेंसी वाले कहते है- पहले KYC करवाओ। अगर KYC नहीं होगी तो बताओ क्या हमारे बच्चे भूखे रहेंगे।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रखे सामाजिक मुद्दों पर विचार

# वृंदावन में 'जीवनदीप' आश्रम का लोकार्पण

तमसा संकेत, संवाददाता



**घुसपैठ के विषय पर उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दी जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग अवैध रूप से देश में आते हैं, वे कई बार बड़ी समस्याओं का कारण बनते हैं, इसलिए समाज और प्रशासन को मिलकर ऐसे मामलों पर रोक लगानी चाहिए।**

मथुरा/वृंदावन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार को वृंदावन पहुंचे, जहां उन्होंने रुक्मिणी विहार स्थित 'जीवनदीप' आश्रम के लोकार्पण समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने संतों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

मंच से संबोधन में मोहन भागवत ने धर्मांतरण के मुद्दे पर कहा कि जो लोग पहले हिंदू थे और अब अन्य संप्रदायों में चले गए हैं, उन्हें वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए, लेकिन राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए समाज को सजग रहना आवश्यक है। जनसंख्या के विषय में उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार तीन संतानों वाला परिवार अधिक संतुलित और स्वस्थ माना जाता है, जिससे बच्चों का व्यक्तित्व भी बेहतर विकसित होता है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्य-मंत्री ब्रजेश पाठक भी उपस्थित रहे। उन्होंने फरसा वाले बाबा की मृत्यु के मामले में कहा कि एसआईटी जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रयागराज में हुए कोल्ड स्टोरेज हादसे पर उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा सहायता की घोषणा की गई है तथा घायलों का समुचित इलाज कराया जा रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जूना अखाड़ा के अवधेशानंद गिरी, बिहार के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान तथा महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी भी समारोह में शामिल हुए।

### लखनऊ के बच्चों ने गुल्लक तोड़कर भेजे पैसे

लखनऊ। ईरान-इजरायल युद्ध के बीच लखनऊ से ईरान को आर्थिक मदद भेजी जा रही है। इसके लिए शहर के दरगाह हजरत अब्बास में स्कैनर लगाया गया है। उसके जरिए बड़ी संख्या में शिया समाज के लोग पैसे भेज रहे हैं। बताया जा रहा है कि स्कैनर ईरान एंबेसी से जुड़ा है। महिलाएं अपने जेवर बेचकर मदद के लिए पहुंचीं। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर पैसे दिए। उन पैसों को स्कैनर के जरिए ईरान भेजा गया। कई महिलाएं फूट-फूटकर रोती नजर आईं। एक महिला ने कहा- ईरान की हर मदद करूंगी। अपने चारों बेटों को कुर्बान कर दूंगी।

शियाओं ने कहा- ईरान की मदद जरूर करेंगे। उसके लिए चाहे जेवर बेचना पड़े या कुछ भी करना पड़े। हम जरुर मदद पहुंचाएंगे। हमारे पास जो बचत के पैसे हैं वह सब ईरान को दे देंगे। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनई ने इंसानियत के लिए जान दी है। हम लोग भी अपना सबकुछ ईरान के लिए कुर्बान कर देंगे।

# पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड की हत्या

## पति ने कॉल करके घर बुलाया, दोनों की लाश कमरे में छोड़कर भागा

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में अफेयर से नाराज पति ने पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड की गोली मारकर हत्या कर दी। सोमवार रात करीब 12 बजे वारदात के बाद आरोपी कमरे में दोनों की लाश छोड़कर फरार हो गया। पड़ोसियों की सूचना पर गाजियाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अंदर गई तो कमरे में पत्नी शबनम (36) की लाश फर्श पर पड़ी थी। थोड़ी दूरी पर बॉयफ्रेंड फहीम (32) खून से लथपथ पड़ा था। घटना ट्रोनिका सिटी की है। पुलिस आरोपी पति राशिद (38) की तलाश कर रही है।

राशिद और शबनम अपने बच्चों के साथ खुशहाल पार्क इलाके में रहता थे। उनके 7 बच्चे हैं। राशिद लकड़ी का काम करता है। फहीम राशिद के साथ काम करता था। वह लोनी में अल्फालह मस्जिद के पास रहता था। दोनों के घर के बीच की दूरी 1 किलोमीटर है।

पड़ोसियों के मुताबिक, दो साल से फहीम का राशिद के घर आना-जाना था। इसी दौरान फहीम का शबनम से अफेयर हो गया। कुछ दिन पहले राशिद को इसकी जानकारी हो गई थी। इसे लेकर शबनम और फहीम से राशिद का झगड़ा हुआ था। इसके बाद फहीम ने घर आना बंद कर दिया था। एडिशनल पुलिस कमिश्नर राज करन नैय्यर ने बताया कि सोमवार रात 12 बजे डायल-112 पर एक युवक का फोन आया। उसने बताया कि उसके मकान के सामने शबनम नाम की महिला रहती है और उसके घर से झगड़े व फायरिंग की आवाज आ रही है।




### शबनम के 7 बच्चे थे, 6 दूसरे मकान में थे

पड़ोसियों के अनुसार, राशिद ने कुछ समय पहले नया मकान बनवाया था, जिसमें वह पत्नी के साथ रहता था। दूसरा मकान थोड़ी दूरी पर है। हत्या नए मकान में हुई। जिस समय वारदात हुई, उस वक्त घर में केवल एक बेटा था, जबकि बाकी 6 बच्चे दूसरे मकान में थे। सभी बच्चे छोटे हैं।

### फोन कर फहीम को बुलाया, फिर हत्या की

फहीम के भाई फैसल ने बताया- फहीम और राशिद कई साल से साथ काम करते थे। सोमवार को राशिद ने फोन कर उसे घर बुलाया। जैसे ही फहीम पहुंचा, उसे गोली मार दी गई।हत्या की वजह हमें पता नहीं है। वहीं पुलिस जांच में सामने आया कि राशिद ने फहीम को घर बुलाया था। वहां पत्नी और फहीम के बीच झगड़ा हुआ। इसके बाद राशिद ने पिस्टल निकाली। पहले पत्नी को गोली मारी। फिर फहीम को भी गोली मार दी। घटना के बाद राशिद फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में चार अप्रैल को शिक्षकों का दिल्ली कूच

## टीईटी अनिवार्यता का शिक्षकों ने बैठक कर किया विरोध

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की शिक्षक भवन, डैंपियर नगर में आयोजित बैठक में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता का जोरदार विरोध किया गया। बैठक में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष अतुल सारस्वत ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर जबरन टीईटी लागू करने का अध्यादेश लाकर उनके हितों पर कुठाराघात किया गया है, जिसे शिक्षक संघ किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सारस्वत ने सभी शिक्षकों से आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण ने बताया कि प्रत्येक विकासखंड से अधिक से अधिक शिक्षकों को बसों के माध्यम से दिल्ली ले जाने की जिम्मेदारी संबंधित ब्लॉक अध्यक्षों और पदाधिकारियों को सौंपी गई है। जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में प्रोन्नत वेतनमान और एरियर भुगतान जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सारस्वत, जिलाध्यक्ष अतुल सारस्वत, महामंत्री लक्ष्मी नारायण, जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नीलम गौड़, शक्ति वर्मा, बाबूलाल मिश्रा, गीतम सिंह, हरीश चौधरी, राजीव पचौरी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह छौंकर, नंदकिशोर, मुरारी लाल शर्मा, हेमंत कुमार, देवेंद्र कौशिक, योगेंद्र गौतम, लोकेंद्र मिश्रा, राजेश चौधरी, कृष्ण कुमार चौधरी (ब्लॉक मंत्री), सुशेंद्र मित्तल, कृष्णपाल सिंह, सिद्धार्थ, ज्योति वीर सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, ब्रजवीर भरंगर, मोनिका शुक्ला, प्रदीप कुमार, देवेन्द्र सिंह, कंचन मेहता, सुजीत वर्मा, देवेश कुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पहली बार इच्छामृत्यु ...

फैसले के बाद मां निर्मला देवी ने कहा था, 'बेटे के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किए। बड़े-बड़े अस्पतालों में दिखाया और कई डॉक्टरों से इलाज भी कराया, लेकिन उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं। अब तो बस भगवान से यही प्रार्थना है कि उसे इस पीड़ा से जल्द मुक्ति मिल जाए।'

2005 में कॉमन कॉज नाम की एक NGO ने पैसिव यूथेनेशिया यानी निष्क्रिय इच्छामृत्यु के अधिकार की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर 9 मार्च 2018 को CJI दीपक मिश्रा की अगुआई वाली 5 जजों की बेंच ने इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता दी। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था,अगर किसी मरीज को लाइलाज बीमारी हो या वेजिटेटिव स्टेट में यानी लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर ही जिंदा हो, तो प्राकृतिक तरीके से मृत्यु के लिए उसका इलाज बंद किया जा सकता है। इसे इच्छामृत्यु नहीं, बल्कि सम्मान के साथ मृत्यु का अधिकार माना जाएगा।

यह अधिकार संविधान के आर्टिकल 21 का हिस्सा है, जिसमें सम्मान से जीने के साथ सम्मान से मरने का अधिकार है। 2011 के अरुणा शानबाग केस ने पैसिव यूथेनेशिया को पहली बार लीगल बनाया, जो 2018 के कॉमन कॉज केस का आधार बना। 1973 में मुंबई के KEM अस्पताल में 42 साल की नर्स अरुणा शानबाग पर एक वार्ड अटेंडेंट ने हमला किया और फिर रेप किया। हमले में लगी गंभीर दिमागी चोटों की वजह से अरूणा कोमा में चली गईं। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए साल 2009 में एक पत्रकार पिंकी विरानी ने अरुणा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में अरुणा की लाइफ सपोर्ट मशीनें हटाने की मांग की गई, ताकि उनकी प्राकृतिक रूप से मृत्यु हो सके। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने इच्छामृत्यु को कानूनी अधिकार बताया था, लेकिन अरुणा को इच्छामृत्यु की अनुमति नहीं दी। क्योंकि वह तब कुछ हद तक बिना मशीनों के सांस ले रही थीं। इसके बाद 2015 में अरुणा शानबाग की प्राकृतिक रूप से मृत्यु हो गई।

### निवेश मित्र 3.0 ...

जबकि गोरखपुर और आगरा आधे माने जाते थे। गोरखपुर में एक फ्लाइट आती थी, वो भी कभी-कभी। आगरा में भी यही स्थिति थी। कोई मजबूत एयर कनेक्टिविटी का वातावरण नहीं था।

आज यूपी के पास 16 डोमेस्टिक एयरपोर्ट हैं। 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। भारत का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है। इसका उद्घाटन 28 तारीख को प्रधानमंत्री के कर कमलों से होगा। यह देश का सबसे बड़ा कार्गो और लॉजिस्टिक हब बनेगा।

इसके साथ ही जेवर में एमआरओ सुविधा भी दी जा रही है। एयरक्राफ्ट मेंटिनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग की यह सुविधा देश में पहली बार होगी।

### पीएम मोदी-ट्रंप...

दूसरी तरफ खबर है कि ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। खामेनेई ने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने पर सहमति जताई है।

अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से बताया कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने वार्ता के लिए अनुमति दी है।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है। वहीं, पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किये के साथ मिलकर ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत की। यूरोपीय यूनियन ने रूस से तेल आयात पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव को फिलहाल टाल दिया है। यह प्रस्ताव पहले 15 अप्रैल को पेश होना था, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई है यूरोपीय आयोग की प्रवक्ता अन्ना-काइसा इतकोनन ने कहा कि प्रस्ताव रद्द नहीं हुआ है, बल्कि सही समय आने पर पेश किया जाएगा।

इस फैसले के पीछे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता को बड़ा कारण माना जा रहा है। होर्मुज स्ट्रेट में तनाव की वजह से तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है और कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। इस बीच हंगरी और स्लोवाकिया ने इस कदम का विरोध किया है, क्योंकि दोनों देश अभी भी रूसी तेल पर निर्भर हैं और द्रुज्बा पाइप-लाइन से सप्लाई लेते हैं।यूरोपीय यूनियन पहले ही 2026–27 तक रूसी गैस पर प्रतिबंध की योजना बना चुका है और अब तेल पर भी स्थायी रोक लगाने की तैयारी कर रहा है।

### ईरानी सेना बोली ...

तेहरान टाइम्स से बातचीत में ग्राउंड फोर्स के कमांडर मोहम्मद करामी ने कहा, "हम पूरी तरह तैयार हैं। ईरानी सेना किसी भी ताकत से नहीं डरती। किसी भी तरह की आक्रामक कार्रवाई का जवाब मजबूती से दिया जाएगा।"

### ईरान जंग जारी रही ...

उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइ-जर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

### पाकिस्तान दुनिया ...

रिपोर्ट के मुताबिक 54 देशों में PM2.5 बढ़ा है। जबकि 75 देशों में PM2.5 में कमी आई है। 2 देशों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और 12 नए देश शामिल हुए हैं। दुनिया के सिर्फ 14% शहर ही WHO के मानकों पर खरे उतरे हैं। 2025 में क्लाइमेट चेंज के चलते जंगल की आग ने वैश्विक प्रदूषण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। यूरोप और कनाडा से रिकॉर्ड बायोमास उत्सर्जन हुआ, जिससे 1,380 मेगाटन कार्बन उत्सर्जन हुआ। अमेरिका में PM2.5 बढ़कर 7.3 g/m हुआ। एल पासो सबसे प्रदूषित शहर रहा। जबकि सिएटल सबसे साफ शहर बना। यूरोप के भी 23 देशों में प्रदूषण बढ़ा, जबकि 18 में कमी आई। मार्च 2025 में अमेरिकी ग्लोबल एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग प्रोग्राम बंद होने से कई देशों में डेटा की कमी हो गई। CREA के अनुसार 44 देशों में मॉनिटरिंग कमजोर हुई है। 6 देश बिना किसी मॉनिटरिंग के रह गए।

IQAir की 2024 वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट में भारत दुनिया का 5वां सबसे प्रदूषित देश था। देश में प्रदूषण का स्तर 50.6 g/m था। जो WHO की सेफ कैटेगरी से 10 गुना ज्यादा है। असम का बर्नीहाट देश का सबसे प्रदूषित शहर था। 2024 में दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी थी और दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से 13 भारत के थे। रिपोर्ट के अनुसार कुल मिलाकर 143 में से 130 निगरानी किए गए देश और क्षेत्र विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों को पूरा करने में विफल रहे हैं. 2024 में सांख्यिकीय रूप से सबसे ज्यादा प्रदूषण (स्मॉग) वाला देश चाड 2025 में चौथे स्थान पर रहा, लेकिन पिछले साल PM2.5 के स्तर में गिरावट संभवतः आंकड़ों की कमी के कारण हो सकती है.

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें हमेशा खाली रखी जाएंगी, स्मारक पट्टिका भी लगेगी

# बेंगलुरु भगदड़ के मृतकों को अनूठी श्रद्धांजलि

**फैसला**

नई दिल्ली, एजेंसी

बेंगलुरु के एम चिन्नस्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले IPL और इंटरनेशनल मैचों में 11 सीटें हमेशा खाली रखी जाएंगी। वहीं, स्टेडियम के एंट्री गेट पर स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) और हर मैच से पहले एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा, जिसमें दोनों टीमें हिस्सा लेंगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (KSCA) ने पिछले साल एम



चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुए भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह खास पहल की है। 4 जून 2025 को RCB की पहली IPL ट्रॉफी जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने में 11 लोगों की मौत हो गई थी। स्टेडियम की गेट पर लगने वाली स्मारक पट्टिका को इंग्लैंड के मशहूर हिल्सबरो मेमोरियल की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। हिल्सबरो मेमोरियल को लिवरपूल एफसी के 97 फैंस की याद में बनाया गया था। दरअसल, 15 अप्रैल 1989 को FA कप सेमीफाइनल के दौरान हिल्सबरो स्टेडियम में हुए भीषण हादसे में इन फैंस की जान चली गई थी, जिसके बाद उनकी स्मृति में यह मेमोरियल बनाया गया।

**कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने इस पहल की पुष्टि करते हुए कहा कि इस दुखद घटना को याद करना भी पीड़ादायक है, लेकिन काफी समय से स्मारक बनाने पर चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा कि 11 लोगों की याद को सम्मान देना जरूरी है, न कि पुराने जख्मों को कुरेदना।**

### मैच से पहले दी जाएगी श्रद्धांजलि

भगदड़ वाली घटना की याद में RCB और KSCA ने स्टेडियम में एक स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) लगाने और 11 सीटों को हमेशा खाली रखने का फैसला किया है। ये सीटें इंटरनेशनल मैच में भी उन 11 लोगों की याद में कभी बेची नहीं जाएंगी। वहीं, स्मारक पट्टिका को स्टेडियम के एंट्री गेट के पास लगाया जाएगा, ताकि यह जगह हमेशा श्रद्धांजलि का प्रतीक बनी रहे। इसके अलावा, IPL मैच से पहले पीड़ितों के नाम प्रदर्शित किए जाएंगे और एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा, जिसमें दोनों टीमें हिस्सा लेंगी।

### स्टेडियम में मैच कराने पर रोक लग गई थी

भगदड़ हादसे के बाद जस्टिस जॉन माइकल डी कुन्हा कमेटी ने इस स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया था, जिसके चलते यहां मैच कराने पर रोक लगा दी गई थी। इसके कारण ICC महिला वर्ल्ड कप 2025 के मुकाबले भी बेंगलुरु से हटाकर नवी मुंबई में आयोजित किए गए। वहीं, घरेलू टी-20 लीग महाराजा टी-20 ट्रॉफी को भी बेंगलुरु की बजाय मैसूर में शिफ्ट करना पड़ा था।



भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद 7 दिसंबर 2025 को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (KSCA) के नए अध्यक्ष चुने गए थे।

## साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय महिला टी-20 टीम घोषित

### हरमनप्रीत संभालेंगी कप्तानी, स्मृति मंधाना उपकप्तान बनीं

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की महिला चयन समिति ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली आगामी टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम की कमान अनुभवी ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर के हाथों में सौंपी गई है, जबकि स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की यह टी-20 सीरीज 17 अप्रैल से शुरू होने जा रही है।

चयनकर्ताओं ने टीम में अनुभव और युवा जोश का तालमेल बिठाने की कोशिश की है। टीम के बल्लेबाजी क्रम में शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष जैसे विस्फोटक बल्लेबाज शामिल हैं।

ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा भी टीम का अहम हिस्सा हैं, जो गेंद और बल्ले दोनों से मैच पलटने की क्षमता रखती हैं। ऋचा घोष और उमा छेत्री को विकेटकीपर के विकल्प के तौर पर टीम में जगह मिली है।

तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी पर होगी। स्पिन विभाग में श्रेयंका पाटिल और काश्वी गौतम जैसे उभरते हुए चेहरों को शामिल किया गया है। टीम में अन्य प्रमुख नामों में क्रांति गौड़, श्री चरणी, भारती फुलमाली और अनुष्का शर्मा शामिल हैं। चयन समिति ने इन खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट और पिछले दौरों पर किए गए अच्छे प्रदर्शन के आधार पर चुना है। भारतीय टीम इस दौरे पर कुल 5 टी-20 मैच खेलेगी। सीरीज का आगाज 17 अप्रैल को डरबन में होगा। पहले दो मुकाबले इसी शहर में खेले जाएंगे।

## सिनर ने तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड, मियामी ओपन में मुटे को हराया

# मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में लगातार 26 सेट जीतने वाले पहले खिलाड़ी बनें

नई दिल्ली, एजेंसी

इटली के टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार सबसे अधिक सेट जीतने के मामले में नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

सिनर ने मियामी ओपन के तीसरे राउंड में कोरेंटिन मूटे को 6-1, 6-4 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटा 11 मिनट तक चला।

इस जीत के साथ सिनर के लगातार जीते गए सेटों की संख्या 26 हो गई है, जबकि जोकोविच के नाम 24 सेट का रिकॉर्ड था। जोकोविच ने यह उपलब्धि 2016 में इंडियन वेल्स और मियामी के बीच हासिल की थी। सिनर का यह शानदार सफर पिछले साल नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था। वहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब अपने नाम



किया था। इसके बाद उन्होंने इसी महीने इंडियन वेल्स ओपन का खिताब भी जीता। म्यूटेट के खिलाफ जीत के साथ ही सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 13 मैच जीतने का रिकॉर्ड भी बना लिया है। मैच के बाद सिनर ने एटीपी की आधिकारिक वेबसाइट से कहा,'मैं बहुत खुश हूं। यह खेल अप्रत्याशित है, इसलिए हम जितना हो सके उतना ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं। अब देखते हैं कि अगले दौर में क्या होता है।' उन्होंने आगे कहा कि वे हर मैच के लिए तकनीकी रूप से पूरी तरह तैयार रहने की कोशिश करते हैं। चौथे दौर में जैनिक सिनर का सामना अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन से होगा। मिचेलसन ने अपने तीसरे दौर के मुकाबले में अलेजांद्रो ताबिलो को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर आगे कदम बढ़ाया है। सिनर जिस फॉर्म में चल रहे हैं, उन्हें टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। मियामी ओपन में कार्लोस अल्कराज के बाहर होने के बाद सिनर के पास अपनी रैंकिंग और मजबूत करने का अच्छा मौका है।

### यौन उत्पीड़न मामले में फंसे यश दयाल नहीं खेलेंगे आईपीएल 2026

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 से पहले डिफेंडिंग चैंपियंस आरसीबी को बड़ा झटका लगा है। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने पुष्टि की है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। आईपीएल 2026 में वो खेलेंगे नहीं, लेकिन वो फ्रेंचाइजी के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर बने रहेंगे। ये फैसला उन पर लगे गंभीर आपराधिक मामलों और यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच आया है। दरअसल, आरसीबी के ट्रेनिंग सेशन में भी यश दयाल की गैरमौजूदगी के बाद ये रूमर्स उठने लगे थे कि फ्रेंचाइजी उन्हें शायद मौका नहीं देगी। अब ये कंफर्म हो गया है कि आरसीबी के लिए आईपीएल 2026 में यश दयाल नहीं खेलेंगे। आरसीबी के डायरेक्टर मो बॉबट ने साफ शब्दों में कहा कि यश दयाल फिलहाल एक निजी परिस्थिति से गुजर रहे हैं, जिसकी वजह से वह आईपीएल 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## निजी कारणों से नहीं खेलेंगे, क्रिकेटर पर पिछले साल रेप के 2 केस दर्ज हुए थे

# यश दयाल आईपीएल के इस सीजन से बाहर

**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल इस सीजन टीम से नहीं जुड़ेंगे। टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मोहम्मद बोबाट ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यश निजी कारणों से इस सीजन में नहीं खेलेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि खिलाड़ी अभी भी टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट में बने हुए हैं। यश को पिछले साल की नीलामी से पहले RCB ने 5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। उन्होंने 2022 में गुजरात टाइटंस के साथ IPL डेब्यू किया था और उसी



साल टीम के साथ खिताब भी जीता था। 13 मार्च को खबर आई थी कि यश ने कंटेंट क्रिएटर श्वेता पुंडीर से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दोनों ने 4 फरवरी को उत्तर प्रदेश के नोएडा में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे। शादी में क्रिकेट जगत से किसी के शामिल होने की खबर नहीं थी। 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने उनके एक ओवर में लगातार पांच छक्के लगाए थे, जिसके बाद वह चर्चा में आए। 2024 में उन्हें भारत और बांग्लादेश के बीच घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में पहली बार चुना गया था, हालांकि अभी तक उन्होंने इंटरनेशनल डेब्यू नहीं किया है।

### 2 बार रेप के आरोप लग चुके

यश दयाल इस समय दो अलग-अलग मामलों में यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। गाजियाबाद की एक महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने शादी का झांसा देकर पांच साल तक उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण किया। इस शिकायत के बाद उनके खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ।

इसके अलावा जयपुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का भी आरोप लगाया गया है। आरोप है कि दयाल ने क्रिकेट में मदद का भरोसा देकर 17 साल की लड़की के साथ 2023 में दुष्कर्म किया। इस मामले में जयपुर के सांगानेर सदर थाने में FIR दर्ज है।

> **श्वेता पुंडीर दिल्ली की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और व्लॉगर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 5.87 लाख फॉलोअर्स हैं। वे इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स लीग में ब्रॉडकास्टर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं।**


## मनोरंजन

## 'डकैत एक प्रेम कथा' में गाएंगे गाना 'टच बेबी', 28 मार्च को होगा रिलीज

# पैन इंडिया फिल्म में पवन सिंह की एंट्री

नई दिल्ली। भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की अपकमिंग पैन-इंडिया फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' में शामिल किया गया है। मेकर्स ने आधिकारिक पोस्टर के जरिए यह जानकारी दी। पवन सिंह फिल्म के गाने में अपनी आवाज देंगे।

फिल्म के मेकर्स ने सोमवार को आधिकारिक पोस्टर जारी कर पवन सिंह की एंट्री कंफर्म की। पोस्टर के साथ बताया गया कि पवन सिंह फिल्म के हिंदी वर्जन में एक डांस नंबर गाएंगे।




### मजबूत फैन फॉलोइंग

गौरतलब है कि पवन सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री के बड़े स्टार माने जाते हैं और उनकी मजबूत फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्म 'स्त्री 2' में गाना 'आई नहीं' गाया था, जिसके बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उनकी मांग बढ़ी है।

फिल्म डकैतः एक प्रेम कथा में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर के अलावा अनुराग कश्यप एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन शेनिल देव कर रहे हैं। कहानी लव, धोखे और रिवेंज पर आधारित है, जिसमें एक एक्स-लवर अपने साथ हुए विश्वासघात का बदला लेने निकलता है।

मेकर्स के अनुसार, फिल्म का गाना 'टच बेबी', 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। पोस्टर में दर्शकों को धमाकेदार गाने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।



# आरके स्टूडियो रिन्यूअल की खबरें गलत

## करीना बोलीं- फिलहाल कोई योजना नहीं, रणबीर के स्टूडियो दोबारा शुरू करने की खबरें निकलीं अफवाह

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने हाल ही में चल रही खबरों को खारिज करते हुए स्पष्ट कहा है कि लीजेंडरी आरके स्टूडियो के फिर से शुरू होने का कोई प्लान अभी तक तय नहीं हुआ है। अभिनेत्री ने बताया कि यह चर्चा केवल अफवाह है और फिलहाल ऐसी कोई योजना नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक करीना ने कहा कि उनके परिवार में कुछ समय पहले यह बात चर्चा में आई थी, लेकिन सभी ने इसे तुरंत यह मान लिया कि यह नहीं हो



रहा है। उन्होंने कहा कि लोग सच में आरके स्टूडियो को फिर से देखने की चाहत रखते हैं, लेकिन फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव फाइनल नहीं हुआ है।

करीना ने अपने बयान में यह भी कहा कि इस विरासत को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब नई पीढ़ी के हाथ में है। उन्होंने विशेष रूप से अपने कजिन और अभिनेता रणबीर कपूर और बहन करिश्मा कपूर का नाम लेते हुए सुझाव दिया कि शायद वे इस प्रतिष्ठित ब्रांड को आगे ले जाने के बारे में सोच सकते हैं। करीना ने कहा कि आरके स्टूडियो उनके दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह उनके दादा राज कपूर द्वारा 1948 में स्थापित किया गया था और भारतीय सिनेमा की एक प्रतिष्ठित धरोहर रहा है।

## पांचवें दिन भारत में 65 करोड़ कमाए, छावा-पीके के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ा

# धुरंधर 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 800 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज यानी धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के पांचवें दिन यानी सोमवार को भारत में 65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर में 800 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और फिल्म छावा और पीके के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 519.12 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 619.76 करोड़ रुपए हो गया है। बता दें कि ग्रॉस कलेक्शन टिकट से हुई कुल कमाई



होती है, जबकि नेट कलेक्शन टैक्स के बाद बची कमाई होती है।

पांचवें दिन फिल्म के हिंदी वर्जन ने 60 करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा कमाई की। वहीं, तेलुगु में 3.50 करोड़ रुपए, तमिल में 1.20 करोड़ रुपए, कन्नड़ और मलयालम में 0.15-0.15 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ। धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए की कमाई की।

### छावा और पीके को पीछे छोड़ा

धुरंधर 2 अब बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपए के आंकड़े की ओर तेजी से बढ़ रही है। इसने कई बड़ी भारतीय फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है।

सोमवार को 800 करोड़ रुपए पार करके, फिल्म ने छावा (807 करोड़ रुपए) और पीके (769 करोड़ रुपए) को भी पीछे छोड़ दिया। फिल्म स्त्री 2 (880 करोड़ रुपए) और कांतारा चैप्टर वन (870 करोड़ रुपए) के लाइफटाइम कलेक्शन से थोड़ी ही पीछे है। उम्मीद है कि मंगलवार तक यह इन फिल्मों के कलेक्शन को पीछे छोड़कर 900 करोड़ रुपए पार कर लेगी।

> **ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 210 करोड़ रुपए की कमाई की, जिससे इसका कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 829.76 करोड़ रुपए हो गया। 5 दिनों की कमाई के मामले में यह फिल्म दूसरे स्थान पर है। इससे आगे 'पुष्पा 2' है, जिसने 881.26 करोड़ रुपए की कमाई की थी।**

भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। वहीं, 894.49 करोड़ रुपए की कमाई के साथ ही यह हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई।



### ध्रुव राठी पर भड़के धुरंधर एक्टर

नई दिल्ली। यूट्यूबर ध्रुव राठी के धुरंधर 2 को प्रोपेगेंडा बताए जाने पर एक्टर नवीन कौशिक नाराज हो गए हैं। धुरंधर 1 में 'डोंगा' का किरदार निभाने वाले एक्टर नवीन कौशिक ने कहा है कि, जिंदगी का हर पहलू पॉलिटिक्स से जुड़ा है, चाहे वह नेशनल पॉलिटिक्स हो या आपसी रिश्ते। कोई भी अच्छी फिल्म किसी न किसी तरह की आइडियोलॉजी को जरूर दिखाएगी। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म को नफरत फैलाने का जरिया नहीं बनाना चाहिए। सबके पास बोलने की आजादी है, मैं बहस कर सकता हूं। लेकिन फिल्म को हेट का सोर्स मत बनाओ। फिल्म है, इसे फिल्म के फ्लो में देखो और एन्जॉय करो। नवीन कौशिक ने यूट्यूब चैनल हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं।

विवाद की शुरुआत यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक वीडियो से हुई, जिसमें उन्होंने डायरेक्टर आदित्य धर को 'बीजेपी प्रचारक' बताया। ध्रुव ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने 3 महीने पहले ही आदित्य धर को प्रोपेगेंडा करने वाला कहा था।

## ईरान पर हमले ने हमें सच साबित किया

# परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था : किम जोंग

**मजबूती**

प्योंगयांग, एजेंसी

नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने देश के पास परमाणु हथियार होने को लेकर खुशी जताई है। सरकारी मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमले साबित करते हैं, कि उनके देश का परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था।

अमेरिका और नॉर्थ कोरिया के बीच परमाणु कार्यक्रम छोड़ने को लेकर साल 2018 में बातचीत शुरू हुई थी। इसे लेकर जून 2018 में सिंगापुर में पहली बार ट्रम्प और



किम जोंग उन की ऐतिहासिक मुलाकात हुई थी।

इसके बाद फरवरी 2019 में वियतनाम के हनोई में दूसरी बैठक हुई, लेकिन यहीं बातचीत टूट गई, क्योंकि दोनों पक्ष शर्तों पर सहमत नहीं हो पाए।

इसके बाद नॉर्थ कोरिया ने कहा था कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता और सुरक्षा के लिए उसे अपनी सैन्य ताकत बढ़ानी होगी।

**किम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध दिखाता है कि आज की दुनिया में सिर्फ मजबूत सैन्य ताकत ही किसी देश को सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने यह बयान सोमवार को संसद में लंबे भाषण के दौरान दिया। अपने भाषण में किम ने दक्षिण कोरिया के प्रति सख्त रुख दोहराया और कहा कि वह अपने देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करेंगे, ताकि अमेरिका को रोका जा सके।**

## जीत मजबूत ताकत से तय होती है



### साउथ कोरिया को दुश्मन देश का दर्जा देंगे किम

साउथ कोरिया को लेकर उन्होंने कहा कि हम उसे सबसे बड़ा दुश्मन मानेंगे और पूरी तरह नजरअंदाज करेंगे। अगर साउथ कोरिया कोई भी कदम उठाता है जो उनके देश को नुकसान पहुंचाता है, तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी। कई दशकों से अमेरिका और उसके सहयोगी देश, प्रतिबंध और बातचीत के जरिए नॉर्थ कोरिया को परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए मनाने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास असफल रहे हैं। व्हाइट हाउस में दोबारा आने के बाद ट्रम्प ने किम से फिर बातचीत करने की इच्छा जताई है। हालांकि, किम का कहना है कि बातचीत तभी हो सकती है, जब अमेरिका आधिकारिक तौर पर नॉर्थ कोरिया को परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दे। नॉर्थ कोरिया लंबे समय से यह कहता रहा है कि अगर लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी और इराक के सद्दाम हुसैन के पास परमाणु हथियार होते तो उनका अंत इस तरह नहीं होता।

### किम जोंग बोले- और ज्यादा परमाणु हथियार बनाएंगे

किम जोंग उन का यह भाषण मंगलवार को लिखित रूप में जारी हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था। किम ने कहा कि नॉर्थ कोरिया अब अमेरिका के खिलाफ एकजुट मोर्चे में और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने ट्रम्प का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन यह जरूर कहा कि उनके विरोधी टकराव चाहते हैं या शांति, यह उन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया हर स्थिति के लिए तैयार है। किम ने देश को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने, ज्यादा परमाणु हथियार और उन्हें ले जाने वाली मिसाइलें बनाने पर जोर दिया। किम ने यह भी कहा कि परमाणु हथियारों की वजह से नॉर्थ कोरिया अब ज्यादा सुरक्षित है और इसी वजह से वह अपने संसाधनों का इस्तेमाल आर्थिक विकास के लिए भी कर पा रहा है।

# चीन में चोरी हुए 7 कुत्ते चलते ट्रक से भाग निकले

नई दिल्ली, एजेंसी



चीन में एक हैरान करने वाला मामला आया है, जहां चोरी हुए 7 कुत्ते ट्रक से भाग निकले और 17 किमी. का सफर तय करके अपने मालिकों के पास पहुंचे। इन कुत्तों को मांस बेचने वाली दुकान के लिए काम करने वाले चोरों ने चुरा लिया था और ट्रक में भरकर सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था। अलग-अलग नस्लों के सात कुत्तों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ये कुत्ते एक साथ सफर कर रहे हैं, उन्हें पता नहीं कि उन्हें कहां जाना है और वे राह चलते लोगों को हैरानी से देखने के लिए रुक जाते हैं।

जब सोशल मीडिया यूजर्स ने Grok से पूछा कि क्या यह वीडियो असली है तो 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने बताया कि जिलिन प्रांत के चांगचुन में एक व्यस्त हाईवे पर चलते हुए इन सात

**17 किलोमीटर का सफर तय कर अपने मालिकों के पास पहुंचे**

कुत्तों को 'लू' नाम के एक इंटरनेट यूजर ने देखा था। इन कुत्तों का मांस बेचने वाली एक दुकान के लिए काम करने वाले चोरों ने चुरा लिया था और एक ट्रक में डालकर कहीं ले गए थे लेकिन ये कुत्ते ट्रक से भाग निकले और दो दिनों में 17 किलोमीटर का सफर तय करके अपने घर लौट आए। कुत्तों के इस झुंड में एक जर्मन शेफर्ड भी था, जो घायल था। इसके अलावा इसमें एक कोर्गी, गोल्डन रिट्रीवर, लैब्राडोर और पेकिनीज नस्ल के कुत्ते भी शामिल थे।

**फास्ट न्यूज**

### जॉर्जिया में 132 साल साल पुरानी अदालत में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी जॉर्जिया के ऐतिहासिक शहर रोम से बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है। जहां एक अदालात में भीषण आग लगी है। दमकल विभाग आग को काबू में करने की कोशिश कर रही है। फ्लॉयड काउंटी के फेसबुक पेज के अनुसार, यह भीषण आग 132 साल पुरानी फ्लॉयड काउंटी हिस्टोरिक कोर्टहाउस की इमारत में लगी है। आग लगने से कोर्ट हाउस का एक हिस्सा गिर गया है।

### दक्षिण प्रशांत महासागर में टोंगा के पास आया जोरदार भूकंप, 7.6 रही तीव्रता

नई दिल्ली। मंगलवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में टोंगा के पास 7.6 तीव्रता का एक ज़ोरदार भूकंप आया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि यह भूकंप मंगलवार की शाम को स्थानीय समय के अनुसार लगभग 237 किलोमीटर की गहराई पर आया। कम गहराई पर आने वाले भूकंपों के झटके सतह पर ज्यादा जोर से महसूस होते हैं। इस भूकंप का केंद्र समुद्र में था, जो इस द्वीपीय देश के दूसरे सबसे बड़े शहर नेइआफ़ू से 153 किलोमीटर पश्चिम में स्थित था। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई तत्काल रिपोर्ट नहीं मिली है।

### 'इससे बढ़िया मौका नहीं मिलेगा'

नई दिल्ली। ईरान पर अमेरिका-इजरायल का हमला शुरू होने से 48 घंटे से भी कम समय पहले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से फोन पर बात की थी। दोनों नेताओं के बीच फोन पर वार्ता की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि इंटेलिजेंस ब्रीफिंग से उसी हफ्ते ट्रंप और नेतन्याहू दोनों को पता चल गया था कि ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके मुख्य सहयोगी जल्द ही तेहरान स्थित अपने परिसर में बैठक करेंगे।

# सेंसेक्स 1372 अंक चढ़कर 74,068 पर बंद

मुंबई, एजेंसी




शेयर बाजार में आज यानी 24 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स 1372 अंक (1.89%) की तेजी के साथ 74,068 पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 400 अंक (1.78%) की तेजी है, ये 22,912 पर पहुंच गया। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी रही।

बाजार में यह उछाल 1 बजे के आस-पास अल अरबिया की उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि मोजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत करने के लिए सहमत हो गए हैं। हालांकि, ईरान की ओर से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

घरेलू शेयर बाजार में तेजी की एक वजह ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेत भी रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमलों को 5 दिन के लिए अस्थायी रूप से रोकने

**निफ्टी में भी 400 अंकों की तेजी बैंकिंग और ऑटो सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी**

का ऐलान किया है, जिसका असर भारतीय बाजार पर दिखा।

अमेरिका और इजराइल की ईरान के साथ जारी जंग में 5 दिन के पॉजे के बीच आज कच्चे तेल की कीमतों में तेजी है। ब्रेंट क्रूड आज 4% बढ़कर 104 डॉलर प्रति बैरल के पार कारोबार कर रहा है। वहीं इंडियन बास्केट की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक आ गई हैं।

## 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे, टेकऑफ के बाद 1.5 किलोमीटर दूर गिरा

# कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 66 की मौत

बोगोटा, एजेंसी

कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस C-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। जबकि 4 सैनिक अभी भी लापता है।

एक सैन्य सूत्र ने AFP को बताया कि 58 सैनिक, छह वायुसेना कर्मी और दो पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किलोमीटर दूर जाकर गिरा। विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे। कोलंबिया की सेना ने



बताया कि इस हादसे में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। C-130 हरक्यूलिस दुनिया के सबसे भरोसेमंद सैन्य परिवहन विमानों में से एक है, जिसका इस्तेमाल सैनिकों, हथियारों और राहत सामग्री को पहुंचाने के लिए किया जाता है।

यह विमान कठिन और कच्चे रनवे पर भी उतर सकता है।यह एक बार में भारी सामान, हेलीकॉप्टर, बख्तरबंद गाड़ियां और बड़ी मात्रा में राहत सामग्री ले जा सकता है।



विमान हादसे के बाद सोमवार को बोगोटा के CATAM एयरबेस पर कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स के जवान और पैरामेडिक्स एक घायल व्यक्ति को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### कोलंबियाई राष्ट्रपति ने हादसे पर दुख जताया

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है। ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों।

पेट्रो ने कहा कि सेना के हथियार और संसाधनों को आधुनिक बनाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नागरिक या सैन्य अधिकारी इस चुनौती के अनुरूप काम नहीं कर पाए, तो उन्हें हटाया जाएगा।

### घायलों को मोटरसाइकिल से हॉस्पिटल ले जाया गया

हादसे के बाद आसपास के गांवों के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। कई लोग मोटरसाइकिल से घायलों को अस्पताल ले गए और आग बुझाने की कोशिश की।

घायलों को पहले छोटे क्लीनिक में भर्ती किया गया, फिर उन्हें बड़े शहरों जैसे बोगोटा के अस्पतालों में एयरलिफ्ट किया गया। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने साफ किया है कि अभी तक किसी आतंकी या हमले के सबूत नहीं मिले हैं।

## 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल करने पर 50% रिफंड, नए नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे

# ट्रेन छूटने के 30 मिनट पहले बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

अब आप ट्रेन छूटने के 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। इसके साथ ही कंफर्म टिकट कैंसिल कराने पर मिलने वाले रिफंड के स्लैब में भी बदलाव किया गया है।

इसके तहत अब ट्रेन के डिपार्चर टाइम से 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल कराने पर 50% रिफंड मिलेगा। इसकी जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने बताया कि रेलवे ने टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए कैंसिलेशन और बोर्डिंग नियमों में बदलाव किए हैं। नए नियम 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग




फेज में लागू होंगे। रेल मंत्रालय ने बोर्डिंग स्टेशन बदलने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब यात्री ट्रेन के शेड्यूल डिपार्चर टाइम से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग पॉइंट बदल सकेंगे। अभी तक यह सुविधा सिर्फ चार्ट तैयार होने से पहले तक ही मिलती थी।

यह नियम उन बड़े शहरों में बहुत मददगार साबित होगा जहां एक से ज्यादा रेलवे स्टेशन हैं, यात्री अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी नजदीकी स्टेशन से ट्रेन पकड़ सकेंगे।

**यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट, एप या रेलवे काउंटर के जरिए अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकते हैं। हालांकि एक बार बोर्डिंग पॉइंट बदलने के बाद आप पुराने स्टेशन से ट्रेन नहीं पकड़ पाएंगे।**

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कुछ खास परिस्थितियों में रिफंड के पुराने नियम जारी रहेंगे। अगर ट्रेन पूरी तरह कैंसिल हो जाती है या अपने तय समय से 3 घंटे से ज्यादा लेट होती है, तो यात्री TDR फाइल करके पूरा रिफंड क्लेम कर सकते हैं।

इसके अलावा, अगर चार्ट बनने के बाद भी टिकट पूरी तरह वेटिंग में रह जाता है, तो वह ऑटोमैटिक कैंसिल हो जाएगा और पूरा पैसा वापस मिलेगा।

### रेल मंत्री ने बताया क्यों जरूरी था यह फैसला

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टिकट दलालों के पैटर्न को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। दलाल अक्सर एक्स्ट्रा टिकट बुक कर लेते थे और ग्राहक न मिलने पर ट्रेन छूटने से ठीक पहले उन्हें कैंसिल कर रिफंड ले लेते थे।

रिफंड के नियमों को सख्त करने से दलालों द्वारा टिकटों की 'कॉर्नरिंग' (टिकट दबाकर रखना) कम होगी और आम यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी।

### 4 घंटे पहले तक मिलता था आधा रिफंड

पुराने नियमों की तुलना में नए नियम यात्रियों के लिए थोड़े सख्त हुए हैं। अब रिफंड की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि आप ट्रेन छूटने से कितने समय पहले टिकट कैंसिल कर रहे हैं।

पहले, ट्रेन छूटने से 48 घंटे पहले तक फ्लैट चार्ज कटता था। 48 से 12 घंटे के बीच 25% और 12 से 4 घंटे पहले तक टिकट कैंसिल करने पर 50% रिफंड मिल जाता था। अब 50% रिफंड के लिए कम से कम 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल करना जरूरी होगा। वेटिंग और RAC टिकटों के लिए फिलहाल पुराने चार्ज (20 + GST) ही प्रभावी रहेंगे।

## हंसी-मजाक में साइंटिस्ट फ्लॉप, अध्ययन में 14 बायोलॉजी कॉन्फ्रेंस शामिल थीं

नई दिल्ली, एजेंसी

वैज्ञानिकों की खोजें और उनके रिसर्च पेपर जितने गंभीर होते हैं, उतने ही गंभीर उनके मजाक होते हैं। ये बात प्रोसीडिंग्स ऑफ द रॉयल सोसाइटी बी में छपी एक स्टडी से पता चलती है। स्टडी के मुताबिक 14 बायोलॉजी कॉन्फ्रेंस में 531 प्रेजेंटेशन हुईं, जिसमें वैज्ञानिकों ने दर्शकों के बीच हंसी-मजाक करने की कोशिश की, जिसमें 66% कोशिशें फ्लॉप रहीं। स्टडी के मुताबिक, वैज्ञानिकों के चुटकलों पर दर्शकों ने या तो हल्की-सी शिष्टाचार वाली मुस्कान दी या फिर कोई रिएक्शन नहीं दिया। इन कॉन्फ्रेंस में करीब 870 जोक्स सुनाए गए। इनमें से केवल 9% जोक्स पर पूरी ऑडियंस खुलकर हंसी।

स्टडी की सह-लेखिका विक्टोरिया स्टाउट के मुताबिक, वैज्ञानिकों के लिए हंसी-मजाक कोई जरूरी स्किल नहीं है। विक्टोरिया स्टाउट का मानना है कि वैज्ञानिकों को लगता है कि ह्यूमर से लोग आपको ज्यादा याद रखते हैं और



इससे लोगों के बीच सहयोग की संभावना बढ़ती है। सह-लेखिका विक्टोरिया स्टाउट ने पीएचडी की बोरियत दूर करने के लिए वक्ताओं के जोक्स नोट किए, जो बाद में उनकी रिसर्च का आधार बन गए। विक्टोरिया स्टाउट ने इस रिसर्च के लिए इटली के स्टेफानो मैमोला के साथ 2022-24 के बीच 14 बायोलॉजी कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। उन्होंने यह भी रिकॉर्ड किया कि मजाक करने के बाद वक्ता दर्शकों की हंसी के रिएक्शन के लिए भी कितनी देर तक इंतजार करते हैं।

वैज्ञानिकों ने इन कॉन्फ्रेंस में सबसे ज्यादा मजाक खुद की गलतियों पर ही बनाए। रिसर्च टॉपिक और फील्ड वर्क की बातें भी दर्शकों के लिए कॉमेडी का जरिया बनी।

**तैयारी : सरकार बना रही खास एथेनॉल-चूल्हे, एलपीजी की किल्लत दूर करने के लिए फैसला किया**

# रसोई-गैस का विकल्प बनेगा एथेनॉल

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली । भारत में अब रसोई गैस (LPG) की निर्भरता कम करने के लिए एथेनॉल का इस्तेमाल करने की तैयारी चल रही है। सरकार एथेनॉल बेस्ड कुकिंग स्टोव (चूल्हे) बनाने पर काम रही है।

मंगलवार को फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सेक्रेटरी संजीव चोपड़ा ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एथेनॉल न केवल गाड़ियों के लिए, बल्कि अब घरों की रसोई के लिए भी एक सुरक्षित और सस्ता विकल्प बन सकता है।

कैसे काम करेगा एथेनॉल चूल्हा?

ईंधनः इसमें तरल एथेनॉल का इस्तेमाल होता है।

फायदाः यह LPG के मुकाबले



कम प्रदूषण फैलाता है और इसे स्टोर करना आसान होता है।

सुरक्षाः एथेनॉल अत्यधिक ज्वलनशील होता है, इसलिए इसके चूल्हों में खास तरह के सेफ्टी वॉल्व और बर्नर डिजाइन किए जा रहे हैं।

मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में ही पायलट प्रोजेक्ट शुरू होगा

सरकार इसकी सप्लाई चैन को परखने के लिए एक प्रयोग करने जा रही है। इसके तहत देश के एथेनॉल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में ही एथेनॉल कुकिंग का टेस्ट किया जाएगा।

इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि बिना किसी रूकावट के ईंधन को घरों तक कैसे पहुंचाया जा सकता है।

देश में एथेनॉल प्रोग्राम को लेकर चोपड़ा ने बताया कि सप्लाई के मामले में हमने अच्छा काम किया है। अब तक 30% एथेनॉल ब्लेंडिंग (मिश्रण) का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। अब सप्लाई की कोई कमी नहीं है, इसलिए सरकार का फोकस डिमांड बढ़ाने पर है। उन्होंने कहा, 'हम डीजल के साथ एथेनॉल की ब्लेंडिंग और टेक्सटाइल बाई-प्रोडक्ट्स जैसे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।'

### पश्चिम एशिया में तनाव से एलपीजी की किल्लत बढ़ी

संजीव चोपड़ा ने बताया कि हाल के दिनों में पश्चिम एशियाई देशों में चल रहे संघर्ष की वजह से भारत में गैस की सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के जरिए होने वाले शिपमेंट्स रुकने से जमीनी स्तर पर एलपीजी की कमी महसूस की जा रही है, जिससे कीमतें भी बढ़ी हैं। इसी संकट को देखते हुए सरकार अब घरेलू स्तर पर तैयार होने वाले एथेनॉल को कुकिंग फ्यूल (खाना पकाने के ईंधन) के रूप में प्रमोट कर रही है।

### शुरुआती दौर में है एथेनॉल चूल्हे का प्रोजेक्ट

सचिव ने बताया कि एथेनॉल आधारित चूल्हों के कुछ शुरुआती मॉडल तैयार कर लिए गए हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि यह प्रोजेक्ट अभी बेहद शुरुआती चरण में है।

उन्होंने कहा, 'अगर हम इसे बड़े पैमाने पर लागू करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह पूरी तरह सुरक्षित हो और इसकी उपलब्धता भी बनी रहे।'

# सोना 56 रुपए घटा, 10 ग्राम की कीमत 1.39 लाख

मुंबई, एजेंसी

सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 24 मार्च को मामूली उतार-चढ़ाव है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 56 रुपए गिरकर 1.39 लाख रुपए के करीब है। चांदी में 1093 रुपए की तेजी है। ये 2.20 लाख रुपए प्रति किलो पर है।

1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

2. कीमत क्रॉस चेक करें: सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22



**चांदी में 1 हजार रुपए की तेजी, दाम 2.20 लाख रुपए प्रति किलो पहुंचे**

कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

मैग्नेट टेस्ट: असली सिल्वर चुंबक से नहीं चिपकती। अगर चिपक जाए तो फेक है।

आइस टेस्ट: सिल्वर पर बर्फ रखें। असली सिल्वर पर बर्फ बहुत तेजी से पिघलेगी।

स्मेल टेस्ट: असली सिल्वर में गंध नहीं होती। फेक में कॉपर जैसी गंध आ सकती है।

क्लॉथ टेस्ट: चांदी को सफेद कपड़े से रगड़ें। अगर काला निशान आए तो असली है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96